# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष -03 अंक - 182 बैकुण्ठपुर, रविवार 23 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com

# पाकिस्तान से लिंक बनाकर करोड़ों की चपत लगाने वाले सात अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

## मामला केबीसी में निकले ईनाम के नाम पर महिला से डेढ़ लाख की ठगी व खुदकुशी से जुड़ा

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** केबीसी के नाम पर 25 लाख रुपये के ईनाम का झांसा देकर ठगी व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में साइबर सेल व सरगुजा पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए सात अंतर्राज्यीय आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से दबिश देकर गिरफ्तार किया है, जिनके तार पाकिस्तान एवं नेपाल में बैठे अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों से जुड़े हैं। रोजाना लाखों का कारोबार करने वाले इन मास्टरमाइंड ठगों का जाल पूरे भारत में फैला हुआ है। मुख्य आरोपियों ने शिक्षा तो कक्षा 12वीं तक ली है, लेकिन पल भर में ये केबीसी के नाम पर लाखों के ईनाम की प्राप्ति का झांसा देकर उनके मेहनत की कमाई को बताए हुए खातों में ट्रांसफर करा लेते थे। आरोपियों के पास से पुलिस को घटना में प्रयुक्त 11 मोबाइल, 14 नग सिम, 02 बैंक पास बुक, 17 एटीएम एवं 11 हजार रुपये नगद बरामद करने में सफलता मिली है। पुलिस टेरर फंडिंग सहित मनी लान्ड्रिंग व क्रिप्टोकरेंसी में पैसे इन्वेस्ट किए जाने के बारे में सामने आए तथ्यों की भी अग्रिम जांच कर रही है, इसमें करोड़ों रुपये लेन-देन की आशंका है। पुलिस अलग-अलग राज्यों में पाकिस्तानी आकाओं के एजेंट की तरह काम करने वालों पर भी नकेल कसने की तैयारी में है। पुलिस ठगी के आरोपियों की मांद को नष्ट करने सेंट्रल एजेंसी से संपर्क करेगी और मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई करेगी। संपूर्ण कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक कलीम खान, थाना प्रभारी सीतापुर उप निरीक्षक शिशिरकान्त सिंह, उप निरीक्षक अनिल सोनवानी, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, आरक्षक पंकज देवांगन, आलोक गुप्ता, सत्येंद्र दुबे, संजीव चौबे, कुंदन सिंह, राहुल सिंह, रमेश प्रसाद, सुयश पैकरा, विकास मिश्रा शामिल रहे।

### मुख्य आरोपियों की 40 से 50 लाख कमाई

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया मिशन तस्दीक में सामने आया कि गिरफ्त में आए आरोपियों में से मुख्य आरोपी वलिउआल रियाज, शिवेन्द्र कुमार व मो. शाहिद आलम रोजाना ठगी करके चार से पांच लाख रुपये का विभिन्न खातों में ट्रांजेक्शन करते थे। इनका प्रतिमाह का आय 40 से 50 रुपये होना सामने आया है। इनके द्वारा लेयर में खाते का संचालन किया जा रहा था, छोटे बैंक खाते में एक से दो-तीन लाख रुपये का लेन-देन इनके द्वारा किया जाता था। मुख्य आरोपियों के द्वारा जिनके नाम पर खाता खुलवाकर रुपये का लेनदेन किया जाता था, उन्हें कमीशन बतौर निश्चित रकम दी जाती थी।

### शिवेंद्र को टॉकीज से गिरफ्तार की पुलिस

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने बताया कि महिला को खुदकुशी की राह में पहुंचाने वाले मुख्य आरोपियों को जब इस बात की जानकारी मिली कि छत्तीसगढ़ पुलिस उनके तलाश में गांव तक पहुंच सकती है, तो शिवेंद्र अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर दिया। ऐसे में पुलिस को उसका लोकेशन हासिल करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। विवेचना के अंतिम तह तक पहुंच चुकी पुलिस को इस बीच पता चला कि आरोपी शिवेंद्र कुमार अपनी गर्लफ्रेंड के साथ पिक्चर देखने गया है। इस मौके को पुलिस ने नहीं गंवाया और हर सिनेमाघरों में अपनी फिल्डिंग लगाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपियों ने पुलिस के आने की भनक लगने पर मोबाइल से कई डाटा डिलीट कर दिए हैं, जिसकी जांच साइबर फोरेंसिक से कराई जाएगी।

### ऐसे देते हैं अपराध को अंजाम

आरोपियों द्वारा भोले-भाले लोगों को केबीसी में ईनाम के रूप में बड़ी रकम जीतने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाते और ईनाम की राशि प्राप्त करने के लिए प्रोसेसिंग फीस एवं जीएसटी के नाम पर ठगी करना शुरू करते थे। उक्त राशि विभिन्न खातों मे डलवाने के बाद सामने वाले को विश्वास में लेने के लिए फर्जी विज्ञापन एवं लॉटरी का प्रारूप पत्र भेजकर घटना कारित करते थे। लॉटरी में दिए गए संपर्क नंबर अधिकतर व्हाट्सएप्प के होते हैं, जिनसे कॉल करके ये फर्जी ईनाम की सूचना देते थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया एकमुश्त अधिक रकम हाथ लगने की स्थिति में कुछ लोगों के चुप्पी साध लेने जैसे मामले भी सामने आए हैं।



### महिला द्वारा खुदकुशी का यह है मामला

घटना दिनांक 23 मार्च 2023 को विक्रम सिंह पैकरा निवासी लिचिरमा ने सीतापुर थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि सेववती पैकरा नदी में पुलिया से कूदकर खुदकुशी कर ली है। मामले मे मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुटी, तो सामने आया कि मृतिका के मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फोन कर केबीसी के माध्यम से 25 लाख रुपये ईनाम जीतने का झांसा दिया गया और उससे एक लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। ईनाम की राशि जब उसे नहीं मिली और रुपये की मांग ठग करते रहे, तो मृतिका सेववती पैकरा को ठगी का एहसास हुआ तो वह मानसिक रूप से परेशान हो गई और मांड नदी की पुलिया से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद मामले में धारा 420, 306 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर लिया था। मामला गंभीर होने के कारण इसे आईजी सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग ने संज्ञान में लिया, उनके मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में विशेष टीम का गठन कर ठगी की घटना कारित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वालों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतापुर ध्रुवेश जायसवाल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम आरोपियों के ठिकाने की पतासाजी के प्रयास में जुट गई। पुलिस की चल रही आरोपियों की गिरफ्तारी की प्रक्रिया के बीच कुछ आरोपियों का मोबाइल बंद होने के कारण इनका लोकेशन प्राप्त करने पुलिस टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही कुछ अपना ठिकाना बदलकर रह रहे थे।

### विवेचना में सामने आए ये तथ्य

पुलिस ने विवेचना, कार्रवाई के बीच मृतिका से जिन अज्ञात व्यक्तियों ने बातचीत किया था, उनके फोन नंबर एवं व्हाट्सअप नंबर की जानकारी हासिल करने पर संबंधित मोबाइल नंबर का आईपी एड्रेस पकिस्तान होना पाया गया। वहीं ठगी की रकम से जिन-जिन खातों में ट्रांसजेक्शन हुआ था, उन संबंधित खाताधारकों का केवाईसी डिटेल व पंजीकृत मोबाइल नंबर साइबर सेल एवं विशेष पुलिस टीम खंगालते अग्रिम जांच की तो सामने आया कि जिन खातों में रुपये ट्रांजेक्शन हुआ था, उसके अधिकांश खाता धारक पूर्णिया, कटिहार, आरा के हैं। इन खातों से अलग-अलग खातों में रुपये भेजना सामने आया। इसी क्रम में अंतिम आहरण पूर्णिया बिहार एवं अन्य कुछ जगहों से होना पाया गया। जिन खातों से अधिकतम ट्रांजेक्शन हुआ हैं। साइबर सेल एवं विशेष पुलिस टीम पूर्णिया, कटिहार, आरा, पश्चिमी चम्पारण पहुंचकर मामले में शामिल संदेहियों को घेराबंदी कर गिरफ्त में लेना शुरू की तो आशीष कुमार मंडल निवासी कटिहार, शाहिद आलम निवासी पूर्णिया बिहार, शिवेंद्र कुमार निवासी कटिहार, चक्रवर्ती आनंद निवासी पूर्णिया, प्रदुमन कुमार सिंह निवासी आरा बिहार, वलिउल्लाह रियाज निवासी चम्पारण, मनीष मंडल निवासी कटिहार बिहार हाथ लगे। पूछताछ करने पर इन्होंने ठगी एवं आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की घटना में शामिल होना स्वीकार किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

### आरोपियों का पाकिस्तान से कनेक्शन

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों के द्वारा भारत में रहकर कुछ निचले तबके के लोगों का खाता खुलवा कर उन्हें कमीशन बतौर छोटी रकम दी जाती थी और उनके खाते से ठगी की रकम का लेन-देन स्वयं किया जाता था। आरोपी पकिस्तान के एजेंट के संपर्क में रहकर ठगी के पैसे से अपना कमीशन प्राप्त करते थे और पाकिस्तानी एजेंट द्वारा बताए गए खातों में पैसे भेज देते थे। गिरफ्त में आए एक आरोपी ने बताया बाइनेंस नामक क्रिप्टोकरंसी एक्सचेंज में पाकिस्तानी आकाओं के कहने पर वह पैसे निवेश किया है। बता दें कि पूर्व में भी ठगी के मामले सामने आए थे, जिनमें पाकिस्तान की आईपी से संचालित व्हाट्सअप कॉल कर ठगी की घटना कारित किया गया था। पुलिस टेरर फंडिंग सहित मनी लान्ड्रिंग की अग्रिम जांच कर रही है। मामले में अन्य राज्यों के ठगों के शामिल होने की संभावना है, जिनके तार बाहरी मुल्क के आकाओं से जुड़े हो सकते हैं।

### पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी

0 मनमोहन उर्फ मनीष मंडल पिता रामनारायण मंडल, 22 वर्ष निवासी गोपालपट्टी वार्ड नं. 11 थाना फलका जिला कटिहार बिहार।

0 प्रदुमन कुमार सिंह पिता कपिल देव सिंह 22 वर्ष, निवासी नोनौर वार्ड नंबर 11 थाना सहार जिला भोजपुर आरा बिहार।

0 चक्रवर्ती आनंद पिता संजीव कुमार मंडल 23 वर्ष, निवासी घरगद्दी घाट थाना रूपौली जिला पूर्णिया बिहार।

0 वलिउआल रियाज पिता रियाज अहमद 27 वर्ष, निवासी जोकटिया थाना मझौलिया जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार।

0 शिवेन्द्र कुमार पिता विजय ठाकुर 23 वर्ष, निवासी कोठिया थाना फलका जिला कटिहार बिहार।

0 आशीष कुमार मंडल पिता राजेश मंडल 21 वर्ष, निवासी गोपालपट्टी थाना फलका जिला कटिहार बिहार।


0 मो. शाहिद आलम पिता मो. इरशाद आलम 24 वर्ष, निवासी बरहरा वार्ड नंबर 03 थाना बरहारा कोठी जिला पूर्णिया बिहार।

### पुलिस अधीक्षक ने कराया आगाह

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा है कि ऐसे मोबाइल नंबर जिनका कोड 91 से स्टार्ट नहीं होता हैं, ऐसे नंबरों पर कॉल या व्हाट्सएप्प कॉल के माध्यम से ठगी की जा सकती है, ऐसे नंबरों से सावधान रहने व ऐसे नंबरों की सूचना निकटवर्ती पुलिस स्टेशन या साइबर सेल को देने का आग्रह किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने फर्जी ईनाम के लालच में नहीं आने आगाह कराते हुए कहा गया है कि केबीसी द्वारा इस प्रकार ईनाम की राशी नहीं दी जाती है।

# ईद के मौके पर मुल्क में अमन व खुशहाली की कामना

## ईदगाह सहित मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज, युवाओं व बच्चों में दिखा उत्साह



छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** ईद के मौके पर शनिवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जिले के विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज अता की। नमाजियों ने मुल्क में अमन और खुशहाली की दुआ मांगी।

मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान में एक माह तक समाज के लोग रोजा रखने के साथ अल्लाह की इबादत में मशगूल रहे। रमजान में तरावीह की नमाज के साथ ही दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। समाज के लोगों द्वारा ईद को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की गई थी। शुक्रवार की शाम ईद का चांद दिखने के साथ ही उत्साहित लोग एक-दूसरे को ईद की बधाइयां देने लगे। देर रात तक कपड़े सहित अन्य जरूरी सामानों की खरीददारी चलने से शहर में चहल-पहल का माहौल बने रहा। शनिवार को ईद की नमाज को लेकर सुबह से ही मुस्लिम आवाम ईदगाह व मस्जिदों की तरफ रवाना हो लिए। ईदगाह में सुबह 9 बजे ईद की नमाज अता की गई। इस दौरान पेशे ईमाम ने समाज के लोगों को ईद के मौके पर गिले-शिकवे मिटाकर एक दूसरे को गले लगाने की सीख दी। ईदगाह में मौलाना मुफ्ती अबरार आलम मिस्बाही द्वारा नमाज पढ़ाई गई। सदर रोड स्थित जामा मस्जिद में सुबह 9.30 बजे ईद की नमाज हाफिज व कारी असिमुद्दीन द्वारा, तकिया मजार में ईद की नमाज सुबह 8.30 बजे मौलाना मोईन व केंद्रीय जेल में सुबह 8.30 बजे मतलूब मंजर द्वारा ईद की नमाज पढ़ाई गई। नाजमिया मस्जिद में मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही द्वारा ईद की नमाज पढ़ाई गई। ईद के मौके पर लोगों में खास उत्साह देखने को मिला। समाज के लोगों ने अपने व परिवार के लिए तरक्की, खुशहाली के साथ ही देश में अमन-चैन व आपसी भाईचारे की दुआ मांगी व एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईद की नमाज को लेकर आज जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा भी ईदगाह व मस्जिदों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान अंजुमन कमेटी के सचिव इरफान सिद्दीकी, परवेज आलम, अफजाल अंसारी, अब्दुल लतीफ, याकूब खान, शकील अंसारी, गुलाम मोहम्मद मौजूद थे।

### इंद्रवाटिका में ईद मिलन समारोह का आयोजन

ईद के मौके पर शनिवार को शहर के इंद्रवाटिका में ईद मिलन का आयोजन श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद द्वारा किया गया। इस दौरान ईद मिलन समारोह में सभी धर्म व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। समारोह में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव, केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त अजय अग्रवाल के अलावा कई गणमान्य नागरिक पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भी शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री ने गले मिलकर सभी को ईद की बधाई दी।

### मोमिनपुरा में भी ईद मिलन



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर के मोमिनपुरा मोहल्ले में ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के द्वारा किया गया, जिसमें सभी धर्म के लोग शामिल हुए। उन्होंने शहर सहित जिले वासियों को ईद की बधाई दी। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्यजन उपस्थित थे।

**एजेंसी देना है**

**सीतापुर, वाड्रफनगर, चिरिमिरी**

में एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा धन राशि के साथ संपर्क करें।

**दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर सरगुजा छ.ग.**

फोन नं. 9826142977, 9713108088

# सरिया लोड ट्रक का सापट एक्सल टूटने से हाइवे में लगा जाम

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर-रायगढ़ नेशनल हाइवे पर शहर से लगे लुचकी घाट में सरिया लोड ट्रक का सापट, एक्सल टूट जाने से वाहनों की लंबी कतार लग गई। रात 10 बजे से ही वाहनों का आवागमन इस मार्ग में थम गया था, जो सुबह तक बना रहा। छोटी वाहनों में लोगों का आना-जाना हो रहा था। यातायात पुलिस के जवान जाम खुलवाने के प्रयास में लगे। ट्रक को क्रेन की मदद से किनारे करवाया गया, तब कहीं जाकर वाहनों के आने-जाने का क्रम शुरू हुआ। ट्रक चालक फैयाज का कहना था कि वह रायगढ़ से सरिया लेकर इलाहाबाद जाने के लिए निकला था। रात 10 बजे लुचकी घाट में अचानक ट्रक का सापअ एक्सल टूट गया, जिससे गाड़ी के चक्के थम गए। पूरी रात जाम के बाद भी कोई इनकी सुध लेने नहीं पहुंचा, जिससे चार-पांच किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गई थी।

# बिना पार्किंग लाइट जलाए खड़ी हाइवा से टकराई मोटरसाइकिल, पार्षद पुत्र की मौत



छ.ग.फ्रंटलाइन

**भटगांव।** सूरजपुर जिले के भटगांव नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-1 के पार्षद पुत्र की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। घटना शुक्रवार की रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सिवारीपारा के पार्षद का पुत्र दिलीप पैकरा बुलेट मोटरसाइकिल में भटगांव से वापस घर की ओर जा रहा था, तभी सड़क पर खड़ी कोयला लोड हाइवा क्रमांक सीजी 12बी 2578 में पीछे से टकरा गया, जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं इकलौते पुत्र की मृत्यु से स्वजनों का बुरा हाल है।

### चालकों पर ज्यादा ट्रिप का दबाव, नियमों की परवाह नहीं

क्षेत्र में कोल परिवहन में लगे वाहनों से छोटी-मोटी घटनाएं होती रहती हैं, साल में एक-दो बार बड़ी घटनाएं हो ही जाती हैं, जिसमें लोगों को जान गंवानी पड़ती है। रात्रि में जिस कोयला लोड वाहन से टकराकर दिलीप पैकरा की मृत्यु हुई, उसका पार्किंग लाइट चालू नहीं था, गाड़ी के चारों चक्के सड़क पर थे। यहां कोयला परिवहन में लगी ठेका कंपनी की दादागिरी साफ दिखाई दे रही है, जो बिना फिटनेस, बिना व कम लाइट या त्रिपाल बिना लगाए ज्यादा ट्रिप लगाने के चक्कर में वाहनों को दौड़ाने में लगे हैं। चालकों पर अधिक ट्रिप का दबाव ठेका कंपनी द्वारा दिए जाने से इनकी रफ्तार भी अधिक रहती है। कोयला परिवहन में लगी गाड़ियों में क्लीनर भी नहीं रहते। कई बार ड्राइवरों को 24 घंटे ड्यूटी करना पड़ता है, जिससे उनके कोयला परिवहन का टारगेट पूरा हो सके। कोयला परिवहन का ठेका ली कंपनी अपने टारगेट को पूरा करने आम लोगों के जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। इसके बाद भी इस ओर न तो परिवाहन विभाग का ध्यान है, न ही पुलिस प्रशासन द्वारा कोई सख्त कार्रवाई की जाती है।

# मोटरसाइकिल में कोयले का परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** गांधीनगर थाने की पुलिस ने मोटरसाइकिल में अवैध कोयला परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो कोयले की चोरी कर अवैध परिवहन में लगा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक क्विंटल अवैध कोयला बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस अवैध कोयला के परिवहन पर नजर रख रही है। इसी क्रम में गांधीनगर थाना पुलिस को बीते 21 अप्रैल को ग्राम भ्रमण दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सुखरी मुख्य मार्ग में एक व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल में चोरी का कोयला परिवहन कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर मोटरसाइकिल सवार दशरथ राम निवासी सुखरी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने एक क्विंटल कोयला बरामद किया। आरोपी के द्वारा अवैध कोयला उत्खनन व परिवहन की आशंका पर धारा 41 (1-4), 379 भादवि कायम किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधी नगर निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे के साथ सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह, आरक्षक अरविंद उपाध्याय, अमृत सिंह, प्रविन्द्र सिंह, ऋषभ सिंह, घनश्याम देवांगन, श्याम लाल सक्रिय रहे।



# कार्यबल को उत्तम सुविधाएं दिलाने प्रबंधन प्रतिबद्ध-विनय




**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** कोल इण्डिया लिमिटेड के वेलफेयर बोर्ड की 52 वीं बैठक गतदिनों एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सीआईएल के निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन ने की। बैठक की शुरुआत गत वर्ष अगस्त में डब्ल्यूसीएल नागपुर में आयोजित 51 वीं वेलफेयर बोर्ड की मीटिंग के कार्यवृत्त की स्वीकृति के साथ हुई। कोल इंडिया के विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में स्पोर्ट्स अकादमी सहित विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई। चर्चा में कर्मियों के आवास के रख- रखाव, मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा की सुविधाएं, केन्टिन, क्रेच, रेस्ट सेल्टर, खेलकूद के आयोजन सहित अन्य बिन्दुओं पर पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के जरिए प्रस्तुति दी गई। अभिभाषण में विनय रंजन ने कहा कि कार्यबल को उत्तम सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रबंधन पूर्णतया प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वेलफेयर बोर्ड की बैठक में अन्य कई कल्याणकारी गतिविधियों पर निर्णय लिया गया और चालू प्रावधानों को और बेहतर बनाने की दिशा में भी चर्चा हुई। बैठक में एसके गोमस्ता सीएमपीडीआईएल, एचएन मिश्र सीसीएल, आहुति स्वाई ईसीएल, मनीष कुमार एनसीएल, एमके रमाइया बीसीसीएल, देबाशीष आचार्य एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) उपस्थित रहे।श्रमसंघ की ओर से टिकेश्वर सिंह राठौर (बीएमएस), एसपी बेहेरा (एचएमएस), अशोक यादव (एटक) और पीएस पांडेय (सीटू) उपस्थित रहे। बैठक में कोल इंडिया मुख्यालय से रेनु चतुर्वेदी उप महाप्रबंधक (सीएसआर) एवं महासचिव, गौतम बनर्जी (तकनीकी सचिव निदेशक कार्मिक), एचएस मिश्रा, महाप्रबंधक (कल्याण), मूलचन्द्र सिंह, प्रबंधक (कल्याण), प्रबंधन की ओर से एमसीएल से विजयंत कुमार महाप्रबंधक (कल्याण), एमआर पुजारी मुख्य प्रबन्धक (कार्मिक/कल्याण), डब्लूसीएल से अजय नाथ वर्मा उप महाप्रबंधक (कार्मिक), एससीसीएल से के बसवैया महाप्रबंधक (कार्मिक), बी गड्डस्वामी प्रबंधक (कार्मिक), एसईसीएल कल्याण विभाग से रत्नेश श्रीवास्तव महाप्रबंधक (कल्याण) उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी भोपाल में सीमांचल किए गए सम्मानित



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था द्वारा प्रायोजित एवं धरोहर पुरातत्व, पुरावस्तु एवं सामाजिक संस्था भोपाल एवं उसकी सहयोगी संस्थान सृजन पूर्व छात्रा संघ भोपाल, श्री सत्य साईं महिला महाविद्यालय, सरोजिनी नायडू शासकीय महाविद्यालय भोपाल, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय, रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल, दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान भोपाल, हेरिटेज सोसाइटी पटना बिहार, संस्कृत प्राच्य भाषा शिक्षण एवं भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र भोपाल एवं प्रसार डिजिटल मार्केटिंग एवं पी आर प्रबंधन संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी राज्य संग्रहालय भोपाल के सभागार में 19 एवं 20 अप्रैल को आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण मोहन सोनी कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं अध्यक्ष भोपाल विकास प्राधिकरण रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर संतोष चौबे कुलाधिपति रविंद्रनाथ टैगोर विवि भोपाल द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर ईश्वर शरण विश्वकर्मा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना एवं पूर्व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज, डॉ. सौरभ कुमार मिश्रा उपनिदेशक भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली, डॉ. ममता चंसोनिया पूर्व प्राचार्य महारानी लक्ष्मीबाई महिला स्नातकोत्तर विवि भोपाल, नारायण व्यास पद्मश्री अवार्डी एवं नीलिमा गुर्जर अध्यक्ष धरोहर संस्थान भोपाल रहे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन धरोहर संस्थान की सचिव डॉ. पूजा सक्सेना द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से शोध पत्र वाचन हेतु पहुंचे सभी शिक्षाविदों का स्वागत कर कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों द्वारा इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ भोपाल पुस्तक का विमोचन किया गया। जिसमें क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह के प्रधान पाठक सीमांचल त्रिपाठी का शोध पत्र अंग्रेजी सत्ता का भारतीय शिक्षा पद्धति एवं संस्कृति पर आघात विषय 12 वीं क्रम में स्थान बनाने में सफलता अर्जित की।कार्यक्रम में प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में सीमांचल त्रिपाठी ने अपना शोध पत्र डॉ. मुकेश मिश्रा निर्देशक दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान भोपाल एवं डॉ. ममता चंसोनिया पूर्व प्राचार्य रानी लक्ष्मीबाई शासकीय स्नातकोत्तर महिला विश्वविद्यालय भोपाल के समक्ष प्रस्तुत की। यहां पर श्री त्रिपाठी को बैग, लेखनी, प्रशस्ति पत्र, विमोचित किताब की प्रति एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# विद्युत लाइन सुधार के दौरान पोल से गिरकर विद्युतकर्मी घायल

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** विद्युत लाइन की सुधार कार्य के दौरान हाईटेंशन लाइन के झटके की चपेट में आने से लाइनमैन गंभीर रूप से घायल हो गया है। विद्युतकर्मी को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि विद्युत विभाग बिश्रामपुर में लाइनमैन जितेंद्र पैकरा शनिवार की सुबह सहकर्मियों क्रमशः बिहारीपुरी, झम्मन राम, अविनाश के साथ ग्राम पंचायत शिवनन्दनपुर के शांतिनगर में स्थित फौजी गली में 11 हजार केवी विद्युत लाइन में सुधार कार्य करने गया था। तभी जंफर जोड़ने के दौरान विद्युत पोल में चढ़ने पर घायल विद्युतकर्मी जितेंद्र पैकरा अचानक हाईटेंशन लाइन के झटके से नीचे गिर गया। विद्युतकर्मी के अचानक नीचे गिरने पर वहां हड़कंप मच गया और घायल को सहकर्मियों द्वारा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। यहां पर चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल विद्युतकर्मी को अंबिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि घटना में विद्युतकर्मी जितेंद्र पैकरा के बाएं हाथ, सिर में गंभीर चोट आई है। सूचना पर सहायक अभियंता अनुरंजन कुजूर, कनिष्ठ अभियंता श्री केरकेट्टा भी अंबिकापुर अस्पताल में पहुंचकर घायल विद्युतकर्मी के उपचार हेतु डटे रहे। ज्ञात हो कि करीब पांच वर्ष पूर्व भी विद्युतकर्मी जितेंद्र पैकरा लाइन सुधार के दौरान विद्युतपोल से गिरकर घायल हो चुका था।

# कालरी कर्मी का सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** भटगांव मुख्य मार्ग पर आज सुबह सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में कालरी कर्मी का शव पाया गया है। पुलिस द्वारा मामले में विवेचना शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि एसईसीएल आवासीय आरटीआई कालोनी निवासी कालरी कर्मी 36 वर्षीय अजय बखला पिता स्व.दयाशंकर बखला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार की सुबह बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग किनारे कालोनी के समीप पाया गया है। बताया जा रहा है कि कालरी कर्मी अत्यधिक शराब का सेवन करता था, जो शुक्रवार की शाम को घर से निकला था और वापस नहीं लौटा था। कयास लगाये जा रहे हैं और अत्यधिक शराब सेवन की वजह से ही कालरी कर्मी की मौत हुई होगी। नपं पार्षद मालती तिग्गा की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस द्वारा मामले में मर्गकायम कर विवेचना की जा रही है।

## कंदरई में नाबालिग लड़की का अपहरण

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंदरई की एक नाबालिग लड़की का अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कंदरई की एक नाबालिग लड़की का बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। परिजन द्वारा मामले की सूचना जयनगर थाना में दे दिया गया है, जिस पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत जुर्मदर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

## जिले के शिक्षित बेरोजगार युवा ले सकते हैं योजना का लाभ

**अनुपस्थित आवेदकों को प्रदान की गई पुन: सत्यापन की सुविधा**

**छ.ग. फ्रटंलाइन बलरामपुर।** मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में जिले में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता 01 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हो चुकी है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के शिक्षित बेरोजगार युवा इस योजना का लाभ लेने के लिए शासन की वेब पोर्टल berojgaribhatta.cg.nic.in पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। वेब पोर्टल पर आवेदन किये जाने के उपरांत आवेदक को विभाग द्वारा सत्यापन स्थल एवं तिथि/समय की सूचना एसएमएस/दूरभाष के माध्यम से दी जाएगी। इसके उपरांत निर्धारित कलस्टर समितियों द्वारा उक्त आवेदनकर्ता के दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा। कलस्टर समितियों द्वारा सत्यापन एवं बैंक खातों के सत्यापन उपरांत पात्र आवेदकों को राज्य शासन द्वारा निर्धारित प्रतिमाह राशि 2500 रुपये आवेदक के बैंक खाते में अंतरित किया जायेगा। आवेदक बेरोजगारी भत्ता हेतु किसी भी जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलरामपुर अथवा सर्व जनपद पंचायत/नगर पंचायत से संपर्क कर सकते हैं।

बेरोजगारी भत्ता के लिए अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी तथा 01 अप्रैल 2023 की स्थिति में आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए, साथ ही आवेदक 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा रोजगार कार्यालय में पंजीयन 02 वर्ष पुराना होना चाहिए। आवेदक की आय का कोई स्त्रोत ना हो तथा आय प्रमाण पत्र आवेदन तिथि से 01 साल के भीतर बना होना चाहिए।

**जिला रोजगार अधिकारी ने बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदकों से की विशेष अपील**

जिला रोजगार अधिकारी ने बेरोजगारी भत्ता का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वाले सभी आवेदकों से विशेष अपील की है। अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जिन आवेदकों को सत्यापन दल के समक्ष उपस्थित नहीं होने के कारण अनुपस्थित दर्ज कर दिया गया है वे सभी आवेदकों को पुनः सत्यापन हेतु उनके लॉगिन आईडी में सुविधा प्रदान की गई है। आवेदक अपनी लॉगिन आईडी में जाकर अनुपस्थिति का कारण दर्ज करते हुए पुनः सत्यापन हेतु अनुरोध दर्ज कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि सभी आवेदनकर्ता आवेदन करने से पूर्व वांछित उक्त सभी दस्तावेज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के पश्चात् ही आवेदन करें। उन्होंने कहा कि रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड, 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है इसके अभाव में पंजीकरण नहीं किया जा सकता।

# तालाबों को सहेजने कलेक्टर ने की पहल

## 60 तालाबों के गहरीकरण और साफ -सफाई का काम प्रारंभ

**गांव के जलस्त्रोत को पल्लवित कर पुनर्जीवन देने की एक अहम कोशिश**

**छ.ग. फ्र टंलाइन रायगढ़।** तालाब हमारे आस पास जन जीवन का अभिन्न अंग है। यह न केवल गांवों में विभिन्न प्रयोजनों के लिए जल उपलब्ध कराते हैं बल्कि ग्रामीण जन जीवन और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महती भूमिका निभाते हैं। आज जब गर्मी की चपेट में आकर जल स्त्रोतों के सूखने की खबरें आती रहती है। ऐसे समय में रायगढ़ जिले में कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण और जरूरी पहल की है। उन्होंने गांवों में ऐसे तालाब जिनका अस्तित्व सिमटता जा रहा था उसे फिर से पल्लवित कर उन्हें सहेजने की आधारशिला रखी है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने जिले में तालाबों के गहरीकरण और गाद-सफाई का प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके लिए जिले के विभिन्न उद्योगों को भी जोड़ा गया है। प्रोजेक्ट के लिए जिले के 7 विकासखंड के 60 तालाब चिन्हांकित किए गए हैं। 42 तालाबों के गहरीकरण का कार्य शुरू भी कर दिया गया है। शेष के काम अगले कुछ दिनों में शुरू हो जायेंगे। ताकि बारिश के पहले तालाबों को गहरा कर उसकी साफ सफाई पूरी की जा सके।

तालाब गहरीकरण का यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता लेकर किया जा रहा, जिसकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इस प्रोजेक्ट के लिए जिला स्तर पर नोडल अफसर बनाया गया है। ताकि काम के डेली प्रोग्रेस को मॉनिटर किया जा सके। कलेक्टर श्री सिन्हा ने जिले में जल प्रबंधन को टॉप प्रायोरिटी में रखा है। पिछले दिनों उनकी पहल पर %केलो है तो कल है% की सोच के साथ केलो नदी संरक्षण प्रोजेक्ट की नींव नदी के उद्गम से रखी गई है। इसके साथ ही अब गांवों में जलस्त्रोतों को उनके पुराने स्वरूप देने का भी कार्य शुरू किया गया है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने इसके लिए उद्योग प्रतिनिधियों की विशेष बैठक लेकर कहा था कि किसी एक तालाब के गहरीकरण से उस गांव की कई जरूरतें एक साथ पूरी होती हैं। भू-जल का स्तर उठता है। निस्तारी के साथ ग्रामवासियों और पशुपालकों को रोजमर्रा की जरूरत के लिए पानी उपलब्ध होता है। मछली पालन और दूसरी आर्थिक गतिविधियों की संभावनाएं बलवती होती हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए और मौजूदा हालात की जरूरत के आधार पर तालाबों के गहरीकरण और गाद सफाई का काम किया जाना है। कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देश पर तालाबों को चिन्हांकित कर अलग अलग उद्योगों को उनके पूरे कायाकल्प की जिम्मेदारी दी गयी है।

**हजारों सालों से ग्रामीण जीवन का हिस्सा हैं तालाब**

तालाबों का इतिहास काफी पुराना है। हजारों सालों से लोग गांवों में तालाब को अंजुली बनाकर बारिश की हर एक बूंद को सहेजने का काम करते आ रहे हैं। जिससे जरूरत के साथ जल संकट के समय उसका उपयोग कर सके। पहले छोटे छोटे गांवों में दसियों तालाब हुआ करते थे। कई गांव और नगर तो सिर्फ तालाबों की संख्या और उसकी भव्यता से अंचल में अपनी विशेष पहचान रखते थे। राजा महराजा और शासक वर्ग समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाने तालाब खुदवाया करते थे। विभिन्न ग्रंथों, लेखों और यात्रा वृतांतों में इसका उल्लेख है। गांव में जीवन चक्र भी तालाब के इर्द गिर्द घूमा करता था। सामाजिक संस्कारों से लेकर तैराकी और मछली पकडने जैसे कार्यों से मनोरंजन तक के लिए लोग तालाब पर आश्रित रहते थे।

# सांसद ज्योत्सना महंत ने हितग्राही सोहन को गुड्स कैरियर वाहन की चाबी सौंपी



**छ.ग. फ्रटंलाइन**
**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने जिला प्रवास के दौरान शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में हितग्राही श्री सोहन सिंह को गुड्स केरियर योजना के तहत वाहन की चाबी सौंपी। पेंड्रारोड तहसील के ग्राम कोरजा निवासी श्री सोहन सिंह को जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा गुड्स कैरियर योजना के तहत वाहन के लिए साधारण ब्याज दर पर ऋण स्वीकृत किया गया है। श्री सोहन ने वाहन मिलने और वाहन की चाबी सौपें जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया, विधायक डॉक्टर के के ध्रुव, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते, जनपद अध्यक्ष गौरेला सुश्री ममता पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष गौरेला श्रीमती गंगोत्री राठौर, जनपद अध्यक्ष पेंड्रा श्रीमती आशा बबलू मरावी एवं कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति श्री संदीप विश्वास उपस्थित थे।

# सांसद ने जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों को किया लाभान्वित

**छ.ग. फ्रटंलाइन**
**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने आज जिला प्रवास के दौरान गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत डाहीबहरा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर विधायक डॉक्टर के के ध्रुव, अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते, श्री मनोज गुप्ता, जनपद अध्यक्ष गौरेला सुश्री ममता पैकरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद ने राशनकार्ड, जाती प्रमाण पत्र, पेंशन वितरण के साथ ही अन्नप्राशन एवम गोदभराई रस्म भी किया। शिविर में राजस्व विभाग से 52 आवेदन, पंचायत विभाग से 40, विद्युत विभाग से 6, स्वास्थ्य विभाग से 1, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से 1, वन विभाग से 2, पीएमजीएसवाई से 1 और बैंक का 1 कुल 104 आवेदन प्राप्त हुये जिसका त्वरित निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा शिविर स्थल पर किया गया।

## लाइवलीहुड कॉलेज में काउंसलिंग एवं प्रवेश परीक्षा आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) कोरबा द्वारा 20 अप्रैल को लाइवलीहुड कॉलेज जांजगीर में काउंसलिंग एवं प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इसमें सिपेट अंतर्गत संचालित डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी (डीपीटी) एवं डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्डिंग टेक्नोलॉजी (डीपीएमटी) कोर्स में प्रवेश हेतु जिले के सभी जनपदों से आए हुए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# शहर के म्यूनिसपल स्कूल खेल मैदान का होगा अब कायाकल्प

**राजनांदगांव**-शहर के म्यूनिसपल स्कूल खेल मैदान का अब कायाकल्प होगा। अब वहां लॉन घास की हरीतिमा से शोभा बढ़ेगी और स्कूल के बच्चों को खेलने एवं अन्य गतिविधियों के लिए उम्दा स्थान मिलेगा। कलेक्टर एवं अध्यक्ष प्रबंध कारिणी समिति श्री डोमन सिंह ने जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ से म्यूनिसपल स्कूल खेल मैदान में लॉन घास कार्य के लिए 31 लाख 96 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। कलेक्टर श्री सिंह की पहल पर म्यूनिसपल स्कूल खेल मैदान में लॉन घास लगाया जा रहा है, ताकि यहां बच्चों को पढ़ाई के साथ ही एक अच्छा माहौल मिले। बच्चों को धूल भरे वातावरण से मुक्ति मिलेगी। कलेक्टर ने इस कार्य के लिए उद्यानिकी विभाग को कार्य एजेंसी बनाया है। उन्होंने उद्यानिकी विभाग को यह कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 39.c

न्यूनतम तापमान 19.c

**बाजार**

सोना 5861/ g

चांदी 56.30/ g

सेंसेक्स 59,910.75

# अध्यात्म की जन्मभूमि रहा है भारत : राजनाथ

## हमारी परम्परा में चिकित्सकों को देवतातुल्य माना गया है

एजेंसी

**नई दिल्ली,** राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी के 63वें स्थापना दिवस को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि एकल परिवार तक तो ठीक था पर समाज में अनेक कारण पनपने लगे हैं जिसके चलते एकल परिवार भी टूटे और समाज उप-एकल परिवार की तरफ आगे बढ़ा है, अगर इस गति को नहीं रोका गया तो वह दिन दूर नहीं जब समाज में विवाह की संकल्पना ही खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे देश की स्वास्थ्य संबंधी नीति निर्माण हो, या देश में बन रहे नए एम्स हों, इनमें ठअटर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अकादमी ने वक़्त के साथ अपनी प्रासंगिकता साबित की है, और आगे भी यह अकादमी देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में अपना योगदान देती रहेगी, ऐसा मेरा



विश्वास है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि डॉक्टरों और मैडिकल चिकित्सकों का हमारे देश में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमारी परम्परा में चिकित्सकों को देवतातुल्य माना गया है। आप सभी ने स्वामी विवेकानंद का एक कथन सुना होगा, जिसमें वह कहते हैं, कि ह्यगुरु को चिकित्सक के समान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को इतना बड़ा स्थान केवल हमारी संस्कृति ही दे सकती है, हम ही दे सकते हैं। चिकित्सक, समाज के लोगों को आरोग्य प्रदान करते हैं, उन्हें स्वस्थ रखने का का कार्य करते हैं और इसके माध्यम से न केवल समाज, राष्ट्र बल्कि मानवता के कल्याण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करते हैं। स्वास्थ्य, किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए प्रथम अनिवार्य तत्व होता है। किसी देश के स्वस्थ नागरिकों के द्वारा ही देश का समग्र विकास संभव है।

भाजपा नेता ने कहा कि लोग जितने स्वस्थ होंगे, देश की प्रगति के लिए वे उतनी ही ऊर्जा और सक्रियता के साथ कार्य कर सकने में सक्षम होंगे। जनसांख्यिकी के हिसाब से देखें, तो इस समय हमारा देश, दुनिया का सबसे युवा देश है। यह हमारे लिए खुशी की बात तो है ही, लेकिन इसके साथ-साथ यह हमारे लिए एक दायित्व भी है, कि हम अपनी युवा जनसंख्या के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि किसी गरीब परिवार में यदि कोई बीमार पड़ता है, तो वह बीमारी उस परिवार के ऊपर कितना बड़ा आर्थिक बोझ डालती है। इससे निपटने के लिए सरकार ने आयुष्मान भारत योजना ह्न४ल्लूँ की है। दुनिया की इस सबसे बड़ी हेल्थकेयर स्कीम में हम 10 करोड़ परिवार, यानि 50 करोड़ लोगों को ्र्न्नपी१ कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत अध्यात्म की जन्मभूमि रहा है। आज हम पूरी दुनिया में हम जहां कहीं भी आध्यात्मिक क्रिया-कलापों रूपी नदियाँ देखते हैं, उनका उद्गम भारत रूपी हिमालय ही है। आज जब मनुष्य, आधुनिकता की दौड़ में लगा हुआ है, ऐसे में उसका आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ होना बेहद आवश्यक है। अध्यात्म से मेरा मतलब मानव मन की उस अवस्था से है, जब वह समस्त सृष्टि में परमात्मा का अनुभव करने लगता है और समस्त सृष्टि से अपना नाता जोड़ लेता है। यानी जब मानव समाज के सुख दुख को अपना समझने लगता है तब वह मनुष्य मेरी नजर में आध्यात्मिक होता है।

# दलाई लामा ने वैश्विक बौद्ध सम्मेलन में हिस्सा लिया



एजेंसी

नयी दिल्ली। तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने शुक्रवार को वैश्विक बौद्ध सम्मेलन में हिस्सा लिया और यहां दो दिवसीय कार्यक्रम के लिए जमा हुए बौद्ध भिक्षुओं एवं अन्य गणमान्य लोगों को संबोधित किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। दलाई लामा ने करीब आधे घंटे के अपने संबोधन में बौद्ध दर्शन एवं मूल्यों पर जोर दिया। अपने तरह का यह पहला सम्मेलन बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन सत्र को संबोधित किए जाने के साथ शुरू हुआ था। मोदी ने अपने संबोधन में कहा था कि दुनिया युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, आतंकवाद, धार्मिक अतिवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से जूझ रही है और भगवान बुद्ध के विचार इन समस्याओं का समाधान पेश करते हैं।

सम्मेलन को अकादमिक और संघ सत्र में विभाजित किया गया है। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि मीडियाकर्मियों को सिर्फ उद्घाटन सत्र के लिए अनुमति थी, शेष सत्र प्रेस के लिए खुले नहीं हैं। सूत्र ने हालांकि इस बात की पुष्टि की कि दलाई लामा ने शुक्रवार को सुबह सम्मेलन में हिस्सा लिया और बौद्ध भिक्षुओं एवं अन्य गणमान्य लोगों को संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना के नए मामलों में गिरावट, पिछले 24 घंटों में दर्ज हुए 11,692 नए केस

**नई दिल्ली,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में भारत में 11,692 नए कोविड मामले दर्ज किए गए। एक दिन में वायरस से 19 लोगों की मौत हो गई, जिसमें केरल की गई नौ मौतें भी शामिल हैं। एक दिन के भीतर कुल 2,29,739 टेस्ट किए गए, जिनकी दैनिक पॉजिटिविटी रेट 5.09 प्रतिशत थी। साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट वर्तमान में 5.33 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रीय रिकवरी दर वर्तमान में 98.67 प्रतिशत है, जिसमें कुल संक्रमणों का 0.15 प्रतिशत सक्रिय मामले हैं। 10,780 लोग ठीक हुए हैं, जिससे देश भर में ठीक होने वालों की कुल संख्या 4,42,72,256 हो गई है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक कोविड वैक्सीन की 220.66 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। पिछले 24 घंटों में कुल 3,647 खुराक दी गई।

# पीएम मोदी ने बांग्लादेश को ईद उल फितर की मुबारकबाद दी

एजेंसी

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद-उल-फितर की पूर्वसंध्या पर शुक्रवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को मुबारकबाद दी। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार मोदी ने इस मौके पर दुनियाभर में लोगों के लिए शांति, सौहार्द, सेहत और प्रसन्नता की कामना की। मोदी ने हसीना की तारीफ करते हुए कहा कि उनके व्यक्तिगत प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत और बांग्लादेश के बीच बहुपक्षीय साझेदारी आधारित संबंध दुनिया में पड़ोसी देशों के रिश्तों के लिए आदर्श बन गये हैं। मोदी ने हसीना के लिए अपने संदेश में कहा, भारत की जनता की ओर से मैं आपको और बांग्लादेश के नागरिकों को ईद की मुबारकबाद देता हूं।

भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊंचाई पर ले जाने के लिए हसीना के साथ सतत काम करने को आशान्वित हैं। बांग्लादेश में दिसंबर 2023 या जनवरी 2024 में आम चुनाव हो सकते हैं। इसके कुछ महीने बाद ही भारत में लोकसभा चुनाव होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रमजान के पाक महीने में दुनियाभर के मुसलमान रोजे रखते हैं और नमाज अदा करते हैं और ईद उल फितर के इस खास मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ दुनियाभर के लोग एकता और भाइचारे के मूल्यों को साकार कर रहे हैं। बांग्लादेश के अधिकारियों ने कहा कि आज शाम को चांद दिखने के बाद उनका देश अरबी चंद्र कलैंडर के अनुरूप शनिवार को ईद मनाएगा।

# सूडान को लेकर पीएम मोदी ने की बैठक

**अधिकारियों से भारतीयों की आकस्मिक निकासी योजना तैयार करने को कहा**

एजेंसी

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सूडान में हाल के घटनाक्रमों का आकलन करने के लिए आज एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बात की जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सूडान में 3,000 से अधिक भारतीयों की सुरक्षा पर ध्यान देने के साथ जमीनी स्थिति की सीधी जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने,



घटनाक्रम पर करीब से नजर रखने और सूडान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का मूल्यांकन करने का निर्देश दिया।

पीएम मोदी ने एक भारतीय नागरिक के निधन पर शोक व्यक्त किया, जो पिछले सप्ताह एक अज्ञात गोली का शिकार हो गया था। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने, विकास की बारीकी से निगरानी करने और सूडान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का लगातार मूल्यांकन करने और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। पीएम मोदी ने आगे आकस्मिक निकासी योजनाओं की तैयारी, तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य और विभिन्न विकल्पों की व्यवहार्यता के लिए लेखांकन का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्र के पड़ोसी देशों के साथ-साथ सूडान में बड़ी संख्या में नागरिकों के साथ घनिष्ठ संचार बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सूडान में भारत के राजदूत, वायु सेना और नौ सेना के प्रमुख, विदेश और रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के अलावा वरिष्ठ राजनयिक डिजिटल तरीके से शामिल हुए। जयशंकर वर्तमान में गुयाना के दौरे पर हैं। पीएमओ ने कहा कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को सूडान की ताजा स्थिति से अवगत कराया गया और जमीनी स्थितियों की समीक्षा की गई।

### बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण के खिलाफ याचिका पर 28 अप्रैल को होगी सुनवाई



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बिहार में जाति के आधार पर सर्वेक्षण कराने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ दायर एक नयी याचिका पर 28 अप्रैल को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध करने संबंधी एक वकील के प्रतिवेदन का संज्ञान लिया। वकील ने पीठ से कहा कि जाति आधारित सर्वेक्षण 15 अप्रैल को शुरू हुआ था और यह 15 मई को पूरा होना है। पीठ ने कहा कि वह मामले पर 28 अप्रैल को सुनवाई करेगी। उच्चतम न्यायालय ने बिहार में जातिगत सर्वेक्षण कराने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई से 20 जनवरी को इनकार कर दिया था। उसने यह कहते हुए याचिकाओं को खारिज कर दिया था कि इनमें कोई दम नहीं है। बहरहाल, पीठ ने याचिकाकताओं को छूट दी कि वे संबंधित उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं।

# अदालत में महिला को मारी गई गोली, पुराने धोखाधड़ी विवाद से जुड़े हैं तार, आरोपी वकील मौके से फरार

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के साकेत कोर्ट में तब हड़कंप मच गया जब परिसर में एक महिला पर चार गोलियां चलाई गयी। कोर्ट परिसर के अंदर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होते हैं लेकिन इसके बावजूद इस तरह की वारदात को अंजाम दिया गया। फायरिंग में महिला घायल हो गई है। उसे अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने कहा कि शुक्रवार को साकेत जिला अदालत परिसर में एक निलंबित वकील ने एक महिला और एक वकील को गोली मार दी जिसमें एक महिला और एक वकील घायल हो गए। डीसीपी (साउथ) चंदन चौधरी के मुताबिक,



सुबह 10:30 बजे कोर्ट परिसर में चार से पांच राउंड फायरिंग की गई. एम राधा के रूप में पहचानी जाने वाली महिला, जो अपने 40 के दशक में थी, को दो गोली लगीं - एक पेट में और एक हाथ में। उसे साकेत के अस्पताल ले जाया गया।

दक्षिण दिल्ली में शुक्रवार सुबह साकेत अदालत के अंदर एक महिला को गोली मार दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि महिला के पेट और एक हाथ पर गोली लगी है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आरोपी फरार हो गया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे हुई। चौधरी ने कहा, एम राधा को दो गोलियां लगी हैं। एक गोली उसके पेट और एक गोली हाथ में लगी है। राधा की उम्र 40 वर्ष से अधिक है। उसे साकेत स्थित मैक्स अस्पताल ले जाया गया है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### वकील ने महीला को मारी गोली

चौधरी ने कहा, आरोपी की पहचान कर ली गई है। उसने पीड़िता और वकील राजेंद्र झा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को होनी थी। एक सूत्र ने बताया कि आरोपी एक वकील है, जिसे साकेत अदालत की बार एसोसिएशन ने पहले निलंबित कर दिया था। उसने बताया कि आरोपी ने महिला को कथित रूप से 25 लाख रुपए ब्याज पर उधार दिए थे और वह उसका भुगतान नहीं कर रही थी। चौधरी ने बताया कि एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, आरोपी ने चार-पांच गोलियां चलाईं और इसके बाद वह भोजनालय के पीछे के दरवाजे से भाग गया।

# द्रौपदी मुर्मू ने शिमला में राष्ट्रपति निवास को आम लोगों के लिए खोलने की घोषणा की

एजेंसी

नयी दिल्ली। शिमला में भारी ओलावृष्टि के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को आधिकारिक रूप से राष्ट्रपति निवास को आम लोगों के लिए खोलने की घोषणा की और कहा कि लोगों को 23 अप्रैल से यहां आने की अनुमति दी जाएगी। राष्ट्रपति ने यह घोषणा हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के मशोबरा प्रखंड के छाबड़ा स्थित 173 साल पुराने हेरिटेज भवन में आयोजित एट होम समारोह के दौरान की। राष्ट्रपति निवास में पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षणों में मुख्य भवन, भोजन कक्ष, कलाकृतियां और बगीचें आदि शामिल हैं।



अधिकारियों ने बताया कि भवन में प्रवेश शुल्क भारतीय नागरिकों के लिए 50 रुपये प्रति व्यक्ति और विदेशी नागरिकों के लिए 250 रुपये प्रति व्यक्ति तय की गई है। एट होम समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कैबिनेट सहयोगी, विधायक, राज्य के वरिष्ठ नागरिक और पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और शहर के अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए। एक बयान में कहा गया कि इससे पहले दिन में राष्ट्रपति ने भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (आईआईएएस) पहुंची और पिक्चर गैलरी, पुस्तकालय, संरक्षित कार्यालयों और मुख्य भवन के प्रांगण का दौरा किया। उन्होंने संस्थान की आगंतुक पुस्तिका में लिखा, मैं मानविकी, सामाजिक विज्ञान और प्राकृतिक विज्ञान के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक कार्यों को बढ़ावा देने वाले देश के एक प्रमुख शोध संस्थान भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान का दौरा करके बहुत खुश हूं।

# लोगों की सुरक्षा रामभरोसे नहीं छोड़ी जा सकती : अरविंद केजरीवाल

एजेंसी

नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने साकेत कोर्ट परिसर में शुक्रवार सुबह एक महिला और उसके वकील को गोली मारने की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. केजरीवाल ने दावा किया कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से चरमरा गई है, अगर वह नहीं संभाल सकते हैं, तो उस व्यक्ति को इस्तीफा दे देना चाहिए। केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। दूसरों के कामों में अड़चन करने और हर बात पर गंदी राजनीति करने की बजाय सबको अपने अपने काम पर ध्यान देना चाहिये। और अगर नहीं सँभलता तो इस्तीफा दे देना चाहिए ताकि कोई और कर ले। लोगों की सुरक्षा रामभरोसे नहीं छोड़ी जा सकती।



दक्षिण दिल्ली में शुक्रवार को सुबह साकेत अदालत के अंदर एक महिला को गोली मार दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला अपने वकील के साथ थी तभी एक शख्स ने उसे गोली मार दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस तुरंत उसे अस्पताल ले गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि महिला अपने वकील के साथ थी जब एक व्यक्ति ने उसे गोली मार दी। अधिकारी ने कहा कि पुलिस उसे तुरंत अस्पताल ले गई। डीसीपी साउथ चंदन चौधरी ने गोलीबारी की पुष्टि करते हुए बताया, ₹गोलीबारी की घटना में दो लोगों, एक महिला और एक वकील को गोली लगी है।

# केन्द्र के दावे के विपरीत जम्मू कश्मीर में आतंकवाद बढ़ रहा है : दिग्विजय सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली, जम्मू क्षेत्र में सेना के वाहन पर इस सप्ताह हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शुक्रवार को कहा कि केन्द्र के दावे के विपरीत जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के मामले बढ़ रहे हैं। राज्यसभा सदस्य ने इस बात पर भी चिंता जताई कि हमले की जगह से बरामद किए गए कारतूसों पर चीनी निशान पाए गए थे। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियां काफी हद तक कश्मीर घाटी तक ही सीमित थीं, लेकिन केन्द्र शासित प्रदेश के जम्मू क्षेत्र के पुंछ जैसे नए क्षेत्रों में अब हिंसक घटनाएं हो रही हैं और यह चिंता का विषय है।

दिग्विजय सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि केन्द्र ने दावा किया था कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले, संविधान के अनुच्छेद



370 को 2019 में खत्म करने और इससे पहले 2016 में नोटबंदी के चलते पूर्ववर्ती राज्य में आतंकवाद से लड़ने में मदद मिलेगी लेकिन रक्षा और गृह मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि इन उपायों की घोषणा के बाद से वहां आतंकवाद की घटनाएं वास्तव में बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा, जम्मू के हिस्से और आतंकवाद से अब तक मुक्त रहे पुंछ इलाके में बड़ा हमला हुआ है। अनंतनाग और पुलवामा (कश्मीर घाटी) में ऐसी घटनाएं होती थीं....अब नए इलाकों में आतंकी हमले होने लगे हैं।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बृहस्पतिवार को आतंकी हमले के बाद सेना के वाहन में आग लगने से पांच जवान शहीद हो गए, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। सेना ने कहा कि जिस वाहन में सैनिक यात्रा कर रहे थे, वह अज्ञात आतंकवादियों के निशाने पर आ गया और ग्रेनेड के संभावित इस्तेमाल के कारण उसमें आग लग गई। सिंह ने दावा किया कि पुंछ में बरामद कारतूसों पर चीन के निशान हैं और यह नई बात सामने आई है।

उन्होंने कहा, यह इलाका (जम्मू संभाग का पुंछ) एक तरीके से शांत था लेकिन अब वहां भी आतंकी घटना हुई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसमें इस्तेमाल हुए जो कारतूस मिले हैं, उनपर चीन का निशान है। नई बात सामने आई है कि चीन की तरफ से भी इस प्रकार से आतंकवादी गतिविधियों को भारत में प्रश्रय दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि ऐसा किनके माध्यम से हो रहा है? केन्द्र की आलोचना करते हुए सिंह ने दावा किया कि रक्षा मंत्री ने स्वीकार किया कि चीन ने भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है, लेकिन प्रधानमंत्री यह घोषणा करते हैं कि किसी ने भी हमारे क्षेत्र में घुसपैठ नहीं की और कब्जा नहीं किया।

सिंह ने आरोप लगाया कि इसका मतलब है कि प्रधानमंत्री ने अपने ही रक्षा मंत्री के बयान को झूठ बताया। उद्योगपति गौतम अडाणी द्वारा एक चीनी निवेशक के साथ मिलकर रक्षा क्षेत्र में उद्योग विस्तार किए जाने का दावा करते हुए दिग्विजय सिंह ने सवाल किया, क्या यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा नहीं है? सिंह ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में जम्मू कश्मीर में 1,033 हमले हुए और 177 जवान शहीद हुए।

चिंतन

# बौद्ध सम्मेलन से मजबूत होगी सांस्कृतिक कूटनीति

भारत में पहले वैश्विक शिखर सम्मेलन भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को और मजबूत करेगा। भारत में बेशक हिंदू बहुसंख्यक हैं, लेकिन यहां बौद्ध धम्म का जन्म होने के नाते समूचे विश्व के बुद्धिस्टों का भारत के प्रति धार्मिक-सांस्कृतिक लगाव है। भारत में हिंदुओं का बौद्ध धम्म के प्रति कोई टकराव नहीं है, बल्कि जैन धर्म, सिक्ख धर्म, बौद्ध धम्म आदि को सहयोगी धर्म के तौर पर देखा जाता है। इस साल जब भारत विकसित व विकासशील देशों के संगठन जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहा है, उसमें वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन के रूप में भी एक ऐसा ग्लोबल मंच मिला है, जहां से भारत विश्व को बौद्ध धम्म के अहिंसा और शांति के संदेश दे सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व को स्पष्ट कहा है कि बौद्ध धम्म के संस्थापक महात्मा बुद्ध के उपदेशों में वैश्विक समस्याओं का समाधान है, बौद्ध धम्म के दिखाए रास्ते भविष्य के मार्ग हैं। पीएम ने विश्व से आह्वान किया है कि प्रत्येक राष्ट्र की प्राथमिकता अपने देश के साथ विश्व के हित की भी हो। आज जब विश्व में रूस व यूक्रेन के बीच एक से अधिक समय से जंग जारी है, अमेरिका का रूस व चीन के साथ टकराव चरम पर है, आतंक व हिंसा से विश्व के अनेक देश पीड़ित हैं, दुनिया के कई देशों में जातीय, सांप्रदायिक, लैंगिक, क्षेत्रीय संघर्ष जारी है, ट्रेडवार, गरीबी, भुखमरी, बीमारी आदि के चलते सामाजिक आर्थिक तनाव हैं, जलवायु परिवर्तन के चलते पर्यावरण खतरे में है, ऐसे में इन चुनौतियों से निपटने में महात्मा बुद्ध के व्यवहारिक संदेश आज अधिक प्रासंगिक हैं। बौद्ध धम्म के मानवता संदेश विश्व में शांति के लिए अधिक उपयोगी है। शांति के माहौल में ही विश्व का विकास संभव है। युद्ध, संघर्ष, आतंकवाद आदि से कुछ हासिल नहीं होगा। एक शांतिपूर्ण, अहिंसक और स्थिर विश्व की स्थापना के लिए बुद्ध का एक मार्ग है श्रेष्ठ है। अगर हमें विश्व को सुखी बनाना है, तो हमें स्व से निकलकर संकुचित सोच को त्यागकर समग्रता का मंत्र अपनाना होगा और यही बुद्ध का भी मंत्र है। सभी को अपने आस-पास गरीबी से जूझ रहे लोगों के बारे में और साथ ही संसाधनों के अभाव से जूझ रहे देशों के बारे में सोचना ही होगा। युद्ध, हिंसा, आर्थिक अस्थिरता, आतंकवाद व मजहबी उन्माद जैसे खतरे मानवता की आत्मा पर प्रहार कर रहे हैं। आज विश्व में 50 करोड़ से अधिक बौद्ध हैं, विश्व की करीब सात फीसदी लोग बौद्ध धम्म को मानते हैं। 28 से अधिक देशों में बौद्ध अनुयायियों की प्रचूर आबादी है, विश्व के 200 से अधिक देशों में बौद्ध धम्म को मानने वाले लोग निवास कारते हैं। बौद्ध धम्म के अहम संदेश अहिंसा, सहअस्तित्व और समन्वय हैं, विश्व में शांति, विकास, गरीबी उन्मूलन के लिए इन संदेशों का पालन जरूरी है। विशेषज्ञों ने बौद्ध धम्म को विश्व का भविष्य का धर्म बताया है। शिखर सम्मेलन का विषय 'समकालीन चुनौतियों पर प्रतिक्रिया : अभ्यास के लिए दर्शन' है। यह वैश्विक शिखर सम्मेलन बौद्ध धम्म में भारत के महत्व और अहमियत को चिन्हित करेगा। शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शाक्यमुनि बुद्ध की शिक्षाओं पर गौर करना है जो सदियों से बुद्ध धम्म के अभ्यास से लगातार समृद्ध होती रही हैं। वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन की मेजबानी अन्य बौद्ध देशों के साथ अपने सांस्कृतिक और राजनयिक संबंधों को मजबूत करने में भारत की और मदद करेगी। यह सम्मेलन भारत की सांस्कृतिक कूटनीति के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।



विश्लेषण
रवि शंकर

# बढ़ती आबादी, बढ़ती चुनौतियां

'संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के आंकड़ों के मुताबिक भारत 142.86 करोड़ लोगों के साथ दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने के लिए चीन से आगे निकल गया है। जनसंख्या का संसाधनों पर दबाव बढ़ने से देश में आर्थिक, सामाजिक समस्याओं पर प्रभाव और बढ़ेगा। तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश की सामाजिक आर्थिक समस्याओं की जननी बनकर देश के सामने खतरे की घंटी बन सकती है। जनसंख्या वृद्धि के दो मूल कारण अशिक्षा एवं गरीबी हैं। लगातार बढ़ती आबादी के चलते बड़े पैमाने पर बेरोजगारी तो पैदा हो ही रही है, कई तरह की अन्य आर्थिक और सामाजिक समस्याएं भी पैदा हो रही हैं। भारत के समक्ष बढ़ती जनसंख्या बड़ी चुनौती है।

सबसे ज्यादा जनसंख्या के मामले में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत 142.86 करोड़ लोगों के साथ दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने के लिए चीन से आगे निकल गया है। चीन की जनसंख्या 142.57 करोड़ है। भारत में अब चीन के मुकाबले करीब 30 लाख ज्यादा लोग हैं। यूएनएफपीए की 'दि स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट-2023', जिसका शीर्षक 'आठ बिलियन लाइव्स, इनफिनिट पॉसिबिलिटीज-दि केस फॉर राइट्स एंड चॉइस' है, ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में ताजा आंकड़े 'डेमोग्राफिक इंडिकेटर्स' की श्रेणी में दिए गए हैं, जिनमें कहा गया है कि अब दुनिया की आबादी आठ अरब हो गई है। यूएनएफपीए 1950 से दुनिया में आबादी से जुड़ा डाटा जारी कर रहा है। तब से यह पहला मौका है, जब भारत ने जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ा है। इस रिपोर्ट में यह साफ है कि चीन की आबादी पिछले साल अपने चरम पर पहुंच गई और अब इसमें गिरावट आने लगी है। वहीं भारत की आबादी फिलहाल बढ़ रही है। हालांकि भारत की आबादी के ग्रोथ रेट में भी 1980 के बाद से गिरावट देखी जा रही है। इसका मतलब यह है कि भारत की आबादी बढ़ रही है, लेकिन इसकी दर पहले के मुकाबले अब कम हो गई है।

यूएनएफपीए की नई रिपोर्ट के अनुसार भारत की 25 प्रतिशत जनसंख्या 0 से 14 वर्ष के आयु वर्ग में है। 18 प्रतिशत 10 से 19 आयु वर्ग में, 26 प्रतिशत 10 से 24 वर्ष की आयु वर्ग में, 68 प्रतिशत 15 से 64 वर्ष आयु वर्ग में और 65 वर्ष से ऊपर सात प्रतिशत है। वहीं चीन में 0 से 14 साल के बीच 17 प्रतिशत, 10 से 19 के बीच 12 प्रतिशत, 10 से 24 साल 18 प्रतिशत, 15 से 64 साल 69 प्रतिशत और 65 से ऊपर के लोगों की संख्या 14 प्रतिशत है। फिलहाल भारत की जनसंख्या विश्व जनसंख्या का 18 फीसदी है। भूभाग के लिहाज के हमारे पास 2.5 फीसदी जमीन है। 4 फीसदी जल संसाधन है, इसलिए जनसंख्या का संसाधनों पर दबाव बढ़ने से देश में आर्थिक, सामाजिक समस्याओं पर प्रभाव और बढ़ेगा। तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश की सामाजिक आर्थिक समस्याओं की जननी बनकर देश के सामने खतरे की घंटी बन सकती है।

एक अनुमान के अनुसार देश में कामकाजी लोगों की संख्या अगले दो दशक में 30 फीसदी तक बढ़ जाएगी। इतना ही नहीं विश्व में बीमारियों का जितना बोझ है उसका 20 फीसदी बोझ अकेले भारत पर है। वर्तमान में जिस तेज दर से विश्व की आबादी बढ़ रही है, उसके हिसाब से विश्व की आबादी में प्रत्येक साल तकरीबन आठ करोड़ लोगों की वृद्धि हो रही है और इसका दबाव प्राकृतिक संसाधनों पर स्पष्ट रूप से पड़ रहा है। चिंता की बात यह है कि भारत के कई राज्य विकास में भले ही पीछे हों, परन्तु उनकी जनसंख्या विश्व के कई देशों की जनसंख्या से अधिक है। उदाहरणार्थ तमिलनाडु की जनसंख्या फ्रांस की जनसंख्या से अधिक है तो वहीं उड़ीसा



अर्जेंटीना से आगे है। मध्यप्रदेश की जनसंख्या थाईलैंड से ज्यादा है तो महाराष्ट्र मैक्सिको को टक्कर दे रहा है। उत्तर प्रदेश ने ब्राजील को पीछे छोड़ा है तो राजस्थान ने इटली को पछाड़ा है। गुजरात ने साउथ अफ्रीका को मात दे दी तो पश्चिम बंगाल वियतनाम से आगे बढ़ गया। अपनी इस उपलब्धि के साथ हम यह कह सकते है कि भारत में जनसंख्या के आधार पर विश्व के कई देश बसते हैं।

जनसंख्या वृद्धि के दो मूल कारण अशिक्षा एवं गरीबी हैं। लगातार बढ़ती आबादी के चलते बड़े पैमाने पर बेरोजगारी तो पैदा हो ही रही है, कई तरह की अन्य आर्थिक और सामाजिक समस्याएं भी पैदा हो रही हैं। भारत के समक्ष तेजी से बढ़ती जनसंख्या एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में संसाधनों की वृद्धि सीमित है। इस स्थिति में जनसांख्यिकीय लाभांश जनसांख्यिकीय अभिशाप में बदलता जा रहा है। ब्रिटिश अर्थशास्त्री माल्थस ने 'प्रिंसिपल ऑफ पॉपुलेशन' में जनसंख्या वृद्धि और इसके प्रभावों की व्याख्या की है। माल्थस के अनुसार, 'जनसंख्या दोगुनी रफ्तार (1, 2, 4, 8, 16, 32) से बढ़ती है, जबकि संसाधनों में सामान्य गति (1, 2, 3, 4, 5) से ही वृद्धि होती है। परिणामतः प्रत्येक 25 वर्ष बाद जनसंख्या दोगुनी हो जाती है। हालांकि माल्थस के विचारों से शब्दशः सहमत नहीं हुआ जा सकता, किंतु यह सत्य है कि जनसंख्या की वृद्धि दर संसाधनों की वृद्धि दर से अधिक होती है। भलें पिछले दो दशकों में भारत ने काफी तरक्की की है, लेकिन जनसंख्या वृद्धि से बेरोजगारी स्वास्थ्य, परिवार, गरीबी, भुखमरी और पोषण से संबंधित कई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। भारत में अभी भी जागरूकता और शिक्षा की कमी है। लोग जनसंख्या की भयावहता को समझ नहीं पा रहे हैं। हाल ही में दुनिया में बढ़ते खाद्यान्न संकट के लिए एशिया को जिम्मेदार ठहराया गया था। तेजी से बढ़ती जनसंख्या ने प्रदूषण की दर को भी धधका दिया है। जिससे जमीन की उर्वरता तेजी से घट रही है साथ ही पानी का स्तर भी तेजी से घट रहा है। ऐसे में आने वाली पीढ़ियों के लिए जनसंख्या पर नियंत्रण जरूरी है।

जनसंख्या वृद्धि के कारणों में अन्य प्रमुख कारण है कम उम्र में विवाह होना। कानून बनने के बाद बाल विवाहों में तो कुछ कमी अवश्य आई है परन्तु अभी तक पर्याप्त सुधार नहीं हुआ है। भारतीय समाज में लड़के की चाहत भी जनसंख्या वृद्धि के लिए काफी कुछ जिम्मेदार है। यदि हमें देश को जनसंख्या वृद्धि के विस्फोट से बचाना है तो परिवार नियोजन जैसी योजनाएं बनानी पड़ेंगी जो देश के आम लोगों को आर्थिक रूप से सम्पन्न बना सकें। साथ ही साक्षरता के लिए भी प्रयास करना होगा। परिवार कल्याण कार्यक्रम में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही, हमें कुछ ऐसी नीतियां बनानी होंगी जिनसे जनता स्वयं इसमें रुचि ले। देश में एक मत का निर्माण होना चाहिए कि कैसे देश में सीमित संसाधनों के बीच बढ़ती जनसंख्या पर नकेल कसी जाए, लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जो बढ़ती जनसंख्या को धार्मिक रंग देने की कोशिश करते हैं।
निश्चित रूप से भारत में जनसंख्या वृद्धि को रोकना एक कठिन चुनौती है, जिसे हमें स्वीकारना होगा और इसके लिए उत्तरदायी कारणों का समूल नाश करना होगा। साथ ही, देश के प्रत्येक नागरिक को निजी स्वार्थ त्याग कर देशहित में परिवार का स्वरूप निर्धरित करना होगा और यथा सामर्थ्य समाज को जागरूक करने का प्रयास करना होगा। यदि सभी नागरिक ईमानदारी पूर्वक अपना सहयोग दें तो निश्चय ही देश की बढ़ती आबादी को रोका जा सकता है। तभी आबादी से उत्पन्न तमाम संकट दूर होंगे और देश खुशहाल हो सकेगा।

(लेखक पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



मन की बात
अंजू बॉबी जॉर्ज

# एक खेल प्रेमी राष्ट्र के रूप

भारत में खेलों के लिए यह एक रोमांचक समय है। भारत के पास हमेशा से खेल प्रतिभाओं का एक होनहार और बड़ा पूल रहा है। जरूरत इस बात की थी कि मौजूदा नीतियों में संशोधन किया जाए और नई नीतियों को लाया जाए जो उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं से मेल खाती हों। सरकार प्रतिभा की पहचान, खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण, एलीट खिलाड़ियों को समर्थन और एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो देश के खेल परिदृश्य को बदलने के लिए मिशन मोड में है और देश के कोने-कोने से महिलाएं, दिव्यांगजन और युवा सभी के लिए समान अवसर प्रदान करता है। सफलता की गाथाओं के साथ-साथ हर आयु वर्ग के कई खिलाड़ियों के धैर्य, संघर्ष और दृढ़ संकल्प की कहानियों ने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' और देश के दिलों में जगह बनाई है।'खेलो इंडिया' एक गेम चेंजर रहा है। वास्तव में 'खेलो इंडिया गेम्स' भारत के मिनी ओलंपिक की तरह हो गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देकर प्रोत्साहित करने से न केवल युवा खिलाड़ियों बल्कि राज्यों को भी अपने स्वयं के मजबूत खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए बढ़ावा मिला है। देश में एक समग्र खेल संस्कृति के विकास के अलावा, प्रत्येक खिलाड़ी और उनकी प्रगति को जानने में प्रधानमंत्री जो व्यक्तिगत रुचि लेते हैं। प्रधानमंत्री अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भी खेलों के बारे में काफी बातें करते हैं। पहले हमारे देश के खेल के क्षेत्र में उपलब्धियों के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए अखबार ही एकमात्र माध्यम था, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए जाने से पहले ही हम उनका जश्न मना रहे हैं। कॉमनवेल्थ हो या ओलंपिक जाने वाला भारतीय दल या खेलो इंडिया गेम्स में भाग लेने वाले युवा, 'मन की बात' एक ऐसा मंच बन गया है, जहां खेल के मोर्चे पर देश की उपलब्धियां सामने आती हैं। अब, जब 'मन की बात' 30 अप्रैल, 2023 को अपना शतक पूरा करने जा रहा है, तो मुझे यकीन है कि इतने सालों में इसके सभी एपिसोड ने एथलीट्स के लिए अपनी प्रतिभा को तराशने और एक बेहतर खिलाड़ी के रूप में खेलों के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरणा का काम किया है। जब मैंने विश्व चैम्पियनशिप के लिए पहला पदक जीता था, तो मेरे साथी खिलाड़ी जिसने भी पदक जीता था, उन्हें अपने देश के राष्ट्राध्यक्ष का फोन आया था, जो स्टेडियम की स्क्रीन पर दिखाया जा रहा था। मैं सोच रही थी कि मुझे ऐसा मौका कब मिलेगा। इस लिहाज से आज के युवा खिलाड़ी वाकई खुशकिस्मत हैं कि प्रधानमंत्री 'मन की बात' जैसे अहम मंच पर उनके बारे में बात कर रहे हैं। वे उनके व्यक्तिगत हितों को भी अच्छी तरह से जानते हैं और उनके वापस आने पर उन्हें भव्य विदाई दे रहे हैं और उनका सत्कार भी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि खेल पदक जीतने और भारत को वैश्विक मानचित्र पर लाने तक ही सीमित नहीं है। यह मुख्य रूप से हमें शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से सतर्क और खेल भावना का पोषण करके व्यक्तिगत व्यक्तित्व का विकास करता है। खेल, कुल मिलाकर, एक राष्ट्र के विकास के लिए बहुत महत्व रखता है। वे दिन गए जब लोग केवल क्रिकेट के पीछे भागते थे। आज, प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन में भारत की भागीदारी से एक बहुत बड़ा राष्ट्रीय गौरव जुड़ा हुआ है। ओलंपिक 2020 से ठीक पहले, प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के श्रोताओं से 'चीयर फॉर इंडिया' के साथ टोक्यो जाने वाले खिलाड़ियों का समर्थन करने का आग्रह किया, जो बाद में एक अभियान में बदल गया, जिसमें स्कूली छात्रों से लेकर मशहूर हस्तियों तक की भागीदारी देखी गई। टोक्यो ओलंपिक में सात और पैरालंपिक में 19 पदकों के साथ भारत ने चार दशकों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 22 स्वर्ण पदक सहित कुल 61 पदकों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय थॉमस कप (बैडमिंटन) टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार भारतीय पुरुष टीम ने 14 बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया को हराकर चैंपियनशिप जीती। डेफलम्पिक्स ब्राजील के लिए भारतीय दल ने 16 पदकों के साथ देश के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 'मन की बात' ने एक मंच के रूप में नागरिकों, विशेषकर युवाओं में देश में खेलों के प्रति सामूहिक उत्साह को प्रेरित किया है।



## विश्वास पाने करनी पड़ती है तप-साधना



जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य



व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है।

संकलित
दर्शन

## खुश रहने के लिए अच्छे व्यक्ति को गुरु बनाएं




संत सूरदास से जुड़ा किस्सा है। उनके पिता रामदास जी गायक थे और वे ब्राह्मण थे। उनका परिवार बहुत ही गरीब था, इस कारण एक समय का खाना भी मुश्किल से ही मिल पाता था। रामदास जी भजन गाते और बालक सूरदास सुनता था। कुछ समय बाद बालक सूरदास भी भजन के बोल सीख गए और गाने लगे। सूरदास के बारे में



बढ़ गई। पिता को चिंता होने लगी कि इस बालक का क्या होगा? एक दिन सूरदास जी के जीवन में वल्लभाचार्य जी आए। गांव के बाहर नदी के किनारे पर इनकी भेंट हुई थी। वल्लभाचार्य जी ने सोचा कि ये बालक ऐसे ही बोलता रहा, सुनाता रहा तो भटक जाएगा। इसके ज्ञान को और इसकी योग्यता को सही दिशा देनी होगी। इसके बाद उन्होंने सूरदास जी को अपना शिष्य बना लिया। वल्लभाचार्य जी ने सूरदास जी को श्रीकृष्ण की लीलाओं के बारे में बताया। श्रीनाथ जी के मंदिर में कृष्ण लीला गान करने की जिम्मेदारी सूरदास को सौंप दी। इसके बाद सूरदास जी जीवन भर श्रीकृष्ण की लीलाओं का गान करते रहते थे। सूरदास जी को गुरु के रूप में वल्लभाचार्य जी मिले थे। गुरु के द्वारा दिखाए गए सही रास्ते पर सूरदास जी चले और उनका जीवन बदल गया, उनकी सारी समस्याएं खत्म हो गईं। इस प्रसंग में हम ये बात सीख सकते हैं कि जिन लोगों के जीवन में अच्छे गुरु हैं, उनका जीवन सकारात्मक रहता है।

संकलित
प्रेरणा

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### उचित खानपान और जीवन शैली लीवर रखेगी स्वस्थ

19 अप्रैल को वर्ल्ड लीवर डे मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को लीवर को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करना भी है। इस वर्ष के इस दिवस का थीम है 'सतर्क रहें, नियमित लीवर चेकअप करें, फैटी लीवर किसी को भी प्रभावित कर सकता है।' आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में हम भारतीय भी इस तरह शामिल हो गए हैं कि हम अपनी सेहत का ख्याल रखना भी भूलते जा रहे हैं और इसी कारण हमारे देश में भी जानलेवा बीमारियों के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। हमारे देश में भी लीवर बीमारी के मरीज बढ़ने लगे हैं और इसके शिकार कम उम्र के लोग भी हो रहे हैं। चिकित्सक इस बीमारी के वैसे तो बहुत से कारण बताते हैं, लेकिन गलत खानपान और जीवनशैली भी इसकी मुख्य वजह हैं।

– प्रवीण सोनी, बलौदाबाजार

### ट्रेंड

#### यूनिसेफ ने की प्रशंसा



भारत से सीखने के लिए बहुत कुछ है। यूनिसेफ स्वास्थ्य सलाहकार ने भारत के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम और डिजिटल स्वास्थ्य हस्तक्षेपों की प्रशंसा की। स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत दूसरों के लिए एक उदाहरण के रूप में उभरा है।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

#### ट्विटर से अपील



अरे, ट्विटर मालिक भैया, ये ट्विटर पे एक एडिट बटन भी लगा दो प्लीज। बार बार जब ग़लती हो जाती है, और शुभचिंतक, बताते हैं हमें, तो पूरा ट्वीट, डिलीट करना पड़ता है, और ग़लत ट्वीट को ठीक कर के, फिर से छापना पड़ता है।

# आज का राशिफल

मेष राशिफल : मेष राशि के लोगों का घर परिवार की गतिविधियों और देखभाल में दिन का काफी समय व्यतीत हो जाएगा. फोन और ईमेल द्वारा कोई शुभ समाचार मिल सकता है, जिसकी वजह से आप बहुत ही सकारात्मक और ऊर्जावान महसूस करेंगे. अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाएं तथा अपने शुभचिंतकों की सलाह पर भी अवश्य अमल करें.

वृषभ राशिफल : वृषभ राशि के लोगो फाइनेंस संबंधी कोई महत्वपूर्ण निर्णय के सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे. कुछ विशिष्ट लोगों से विचारों का आदान-प्रदान होगा. आपकी जीवन तथा विचार शैली में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा.

मिथुन राशिफल : मिथुन राशि के लोगों के लिए यह समय आत्ममंथन और चिंतन करने का है. दूसरों की गलतियों पर ध्यान देने की बजाय अपने कार्यों पर ध्यान दें. आप कोई नई तकनीक या हुनर हासिल कर सकते हैं. किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा बनाएं, और उसके बाद क्रियान्वित करें.

कर्क राशिफल : कर्क राशि के लोगों के स्वभाव में बहुत अधिक भावुकता रहेगी. आपका दूसरों के प्रति सहयोग व मदद करना आपके मान-सम्मान को और अधिक बढ़ाएगा. विद्यार्थियों का पढ़ाई में ज्यादा ध्यान लगेगा.

सिंह राशिफल : सिंह राशि के लोग इस समय अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ज्यादा ध्यान दें. पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियों से राहत मिलेगी. अचानक ही आपको कहीं से सहयोग और उचित सलाह भी हासिल होगी. विदेश जाने के लिए प्रयास कर रहे लोगों को सूचना मिल सकती हैं.

अपरिचित लोगों के साथ वाद-विवाद में पड़ना परेशानी बढ़ाएगा. व्यवसायिक उथल-पुथल तथा आर्थिक मंदी की वजह से परिवार के सदस्यों के खर्चों में कटौती करनी पड़ सकती है. इस समय किसी भी प्रकार का कर्ज लेने का प्रयास ना करें.

कन्या राशिफल : कन्या राशि के लोगों का अनुकूल समय है. अपनी प्रतिभा और क्षमता को पहचाने, तथा अपने किसी विशेष कार्य के प्रति इनका उपयोग करें, अवश्य ही आपको बेहतर परिणाम हासिल होंगे. घर में साज सज्जा संबंधी गतिविधियों में भी व्यस्तता रहेगी.

खर्चे बरकरार रहेंगे इसलिए अपने बजट के अनुसार ही खर्च करें. स्वास्थ्य संबंधी कुछ दिक्कत रहेगी, लेकिन आपका आत्मविश्वास आपको ऊर्जावान बनाकर रखेगा. आज किसी भी यात्रा से संबंधित प्रोग्राम ना बनाएं.

तुला राशिफल : तुला राशि के लोगों की कई प्रकार की गतिविधियों में व्यस्तता रहेगी और पहचान भी बढ़ेगी. घर की साफ-सफाई तथा सुधार संबंधी कार्यों में भी आपका योगदान रहेगा. परिजनों के साथ मिल बैठकर मनोरंजक वातालर्प होगा.

अनुभव की कमी से कुछ कार्य अधूरे रह सकते हैं. बेहतर होगा कि पहले उचित जानकारी हासिल करें. सरकारी कार्य संबंधी कोई भी निर्णय जल्दबाजी में ना लें. तनाव लेने की बजाए समस्याओं का हल निकालने की कोशिश करें.

वृश्चिक राशिफल : वृश्चिक राशि के लोगों को आज अचानक की कोई महत्वपूर्ण समाचार की प्राप्ति होगी. किसी राजनैतिक अथवा प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा आपको कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि भी मिल सकती हैं. अपनी पूरी योग्यता और मेहनत अपने कार्यों में लगा दें. निश्चित ही सफलता मिलेगी.

पड़ोसियों अथवा संबंधियों के साथ संबंधों में खटास ना आने दें. बेहतर होगा कि खुद को अपने काम में ही व्यस्त रखें. आपकी कोई भी गतिविधि अथवा योजना सार्वजनिक न हो वरना आपका बहुत अधिक नुकसान हो सकता है.

धनु राशिफल : धनु राशि के लोग रुचि पूर्ण गतिविधियों में कुछ समय व्यतीत करने से ऊर्जा और सुकून महसूस करेंगे. संबंधियों के साथ फोन के माध्यम से निरंतर वातालर्प रहेगा तथा विशेष मुद्दों पर विचार विमर्श होने से कई समस्याओं का हल भी मिलेगा.

आपसी सामंजस्य के अभाव की वजह से भाई-बहनों के साथ संबंधों में खटास रह सकती हैं. असमंजस की स्थिति में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह अवश्य लें. इस समय बाहरी गतिविधियों में ज्यादा समय न व्यतीत करें. बेतहाशा खर्चा रहेगा.

मकर राशिफल : मकर राशि के लोग दूसरों से सहयोग की उम्मीद न करके अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें तथा जल्दबाजी के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से काम निपटाने का प्रयास करें. कुछ नजदीकी लोगों से मेल मुलाकात लाभदायक साबित होगी तथा आपसी संबंधों में भी मजबूती आएगी. घर में रिश्तेदारों की आवाजाही रहेगी. जिसकी वजह से आपके बनते कार्यों में विघ्न भी आ सकता है. अपने स्वभाव में सहजता बनाकर रखें. सेविंग भी कुछ कम रहेगी परंतु यह समय शांति से व्यतीत करने का ही है.

कुंभ राशिफल : कुंभ राशि के लोगों की इस समय ग्रह स्थितियां पक्ष में पूरी तरह मेहरबान है, इनका भरपूर सहयोग करें. नए नए लोगों से संपर्क स्थापित होंगे और यह संपर्क बहुत ही लाभदायक भी रहेंगे. रुका हुआ पैसा मिलने की पूरी संभावना है. वक्त के अनुसार खुद को ढालने का प्रयास करें. पुरानी बातों पर अडिग ना रहें. संतान की भी गतिविधियों व संगति पर नजर रखना आवश्यक है. मित्रों के साथ संबंध मधुर बनाकर रखें.

मीन राशिफल : मीन राशि के लोग अपनी क्षमता को करियर, अध्यात्म और धार्मिक गतिविधियों में लगाएं. सभी कार्य व्यवस्थित होने से शारीरिक और मानसिक सुकून रहेगा और रोजमर्रा की उबाऊ दिनचर्या से भी राहत मिलेगी. व्यर्थ की बातों को अपने व्यक्तिगत जीवन में ना आने दे. बच्चों के साथ ज्यादा टोका-टाकी करने से उनके आत्मबल और कार्य क्षमता में कमी आएगी. बेहतर होगा कि शांतिपूर्ण तरीके से समस्या का समाधान निकालें.



# सामंथा पर भड़के प्रोड्यूसर चिट्टी बाबू

साउथ फिल्मों के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने सामंथा रुथ प्रभु के लिए कहा है कि उनका फिल्मों में करियर खत्म हो चुका है और स्टारडम भी। चिट्टी बाबू ने कहा कि अब सामंथा को सस्ती पब्लिसिटी वाली चीजें नहीं करनी चाहिए। बीमारी के जरिए वह सिर्फ सिंपथी बटोर रही हैं। साउथ के प्रोड्यूसर त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने सामंथा रुथ प्रभु के लिए चौंकाने वाली बात कही है. चिट्टी बाबू ने कहा कि सामंथा का फिल्मों में करियर खत्म हो चुका है और स्टारडम भी खत्म है. चिट्टी बाबू के मुताबिक, सामंथा सिर्फ सिंपथी के लिए अपनी बीमारी का इस्तेमाल कर रही हैं. सामंथा रुथ प्रभु अभी भी फिल्मों में काम कर रही हैं। उनकी काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। लेकिन एक प्रोड्यूसर का कहना है कि अब सामंथा का फिल्मी करियर खत्म हो चुका है। उनके करियर में कुछ नहीं बचा है। सामंथा रुथ प्रभु पिछले कुछ साल से बड़ी मुश्किलों से गुजर रही हैं। वही अभी तक नागा चैतन्य संग तलाक से उबर नहीं पाई हैं, इसी बीच वह मायोसिटिस नाम की बीमारी का शिकार हो गईं। इस वजह से सामंथा को एक्टिंग से कुछ वक्त की दूरी बनानी पड़ गई थी। बावजूद इसके सामंथा फिल्में कर रही हैं। सामंथा की एक्टिंग को भी खूब सराहा जा रहा है। मालूम हो की सामंथा को कुछ समय पहले ही मायोसिटिस नाम की बीमारी के बारे में पता चला। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें मांसपेशियों में सूजन आ जाती है। बेहद थकान, कमजोरी और बाकी परेशानियां शुरू हो जाती हैं। इन तकलीफों के बावजूद सामंथा ने काम को रुकने नहीं दिया और इलाज के कुछ दिनों में ही सेट पर वापसी कर ली।

**सामंथा और नागा चैतन्य के रिश्ते में क्यों आई दरार?**

लेकिन इसी बीच साउथ फिल्मों के दिग्गज प्रोड्यूसर और डायरेक्टर ने सामंथा को लेकर शॉकिंग बात कह दी। उन्होंने कहा **कि सामंथा का फिल्मों में करियर खत्म हो चुका है, और अब वह** दोबारा स्टारडम नहीं पा सकतीं। फिल्मीबीट के मुताबिक, त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने यह दावा सामंथा के फिल्म प्रमोशन के तरीके को देखकर कहा। दावा किया जा रहा है कि सामंथा फिल्म को प्रमोट करने के लिए अपनी बीमारी और हेल्थ कंडीशन का इस्तेमाल कर रही हैं। इसी पर त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने एक इंटरव्यू में रिएक्ट किया।

**सामंथा का रोना नकली, सिंपथी का तरीका है**

त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू से पूछा गया कि सामंथा फिल्म शाकुंतलम के प्रमोशन के दौरान इमोशनल हो गई थीं। इस पर रिएक्ट करते हुए वह बोले, यह नकली था। सामंथा बता रही थीं कि शकुंतला बनने के लिए उन्हें क्या कुछ सहना पड़ा। लेकिन सभी एक्टर्स ऐसा करते हैं। उन्हें किरदार में घुसने के लिए मेहनत करनी ही पड़ती है। यशोदा के प्रमोशन के दौरान भी ऐसा ही था। यह सही नहीं है। यह सिर्फ सिंपथी पाने का तरीका है, पर इससे सिर्फ आलोचना ही मिलेगी। यह सही नहीं है। मेहनत करना आपकी नौकरी का हिस्सा है। हमने ऐसे कई एक्टर्स को देखा है जो किरदार के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। लेकिन सामंथा को अब सिंपथी नहीं लेनी चाहिए। यह बहुत अजीब और सस्ती पब्लिसिटी है।

**सामंथा का करियर खत्म, वापस नहीं मिलेगा स्टारडम**

त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने आगे कहा, सामंथा का वजन घट गया और उनका चेहरा भी बदल गया है। वह बीमार हो गई और हर फिल्म के लिए अब ड्रामा कर रही हैं। उनका करियर खत्म हो चुका है। सोशल मीडिया पर सामंथा की जो तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, वो सब पब्लिसिटी के लिए थे। बहुत से एक्टर्स हैं, जिन्होंने बीमारी में भी काम किया है, बुखार में किया है, लेकिन उन्होंने कभी ऐसा कुछ नहीं बताया। सामंथा अपना चार्म और स्टारडम खो चुकी हैं। वह एक सुपरस्टार थीं और अपना पीक देख चुकी हैं। अब उन्हें आगे बढ़ना होगा। वह इसीलिए ऐसे कदम उठा रही हैं। लेकिन सामंथा को ऐसी सस्ती ट्रिक्स इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। लोग भावनाओं से प्रभावित होकर फिल्म नहीं देखते। अब देखने वाली बात यह होगी कि सामंथा रुथ प्रभु इस पर कैसे रिएक्ट करेंगी।



# फ्लाइट में मुफ्त की शराब देखकर इतने एक्साइटेड हो गए थे मनोज बाजपेयी... पीकर हो गए बेहोश जानें फिर क्या हुआ

मनोज बाजपेयी ने अभिनेता बनने के लिए बिहार से दिल्ली आने के बाद एक लंबा सफर तय किया है. उन्होंने थिएटर में शुरुआत की और फिर 1994 में शेखर कपूर की प्रशंसित फिल्म बैंडिट क्वीन में एक छोटी भूमिका के साथ फिल्मों में शामिल हुए. तब से, उन्होंने सत्या ( 1998 ) के लिए राष्टीय फिल्म पुरस्कार और शूल के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर क्रिटिक्स अवार्ड जीता. उनकी एक्टिंग की फैंस दीवानी है. फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं. एक इंटरव्यू में एक्टर ने खुलासा किया था कि जब वह पहली बार इंटरनेशनल फ्लाइट में गए थे, तो उन्हें नहीं पता था कि वहां शराब फ्री में मिलती है.

**मनोज वाजपेयी ने पी ली थी शराब**

एक इंटरव्यू में, अभिनेता ने फ्रांस में अपनी पहली विदेश यात्रा को याद किया. उन्होंने कहा, जब मैं थिएटर कर रहा था, तब मैं पेरिस गया था, वह मेरी पहली इंटरनेशनल ट्रिप थी. फ्लाइट के दौरान मैंने शराब बिल्कुल नहीं ली, क्योंकि मुझे लगा था कि वे इसके लिए मुझसे पैसे लेंगे. मेरे पास पैसा नहीं है! थिएटर की वजह से मैं वहां एक एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जा रहा था. तो वहां जाने के बाद मुझे पता चला कि वे इसे मुफ्त में परोसते हैं. वापस आते समय मैंने इतना पी लिया कि मैं बेहोश हो गया!

**चॉपस्टिक पर क्या बोले मनोज वाजपेयी**

फ्रांस में रहते हुए उन्हें चॉपस्टिक से खाने की कोशिश करते हुए एक मजेदार अनुभव भी हुआ. उन्होंने आगे कहा, जब मैं पेरिस गया था, मैं एक पार्टी में गया था, जहां ये ( चॉपस्टिक्स ) थे और लोग इसके साथ आराम से खा रहे थे. मैंने इसे आजमाया, हर बार जब मैं इसे पकड़ता, तो खाना नीचे गिर जाता. एक मेज के दूसरी तरफ से एक महिला आई, कांटा उठाया, और उसने कहा, आप इसे भी इस्तेमाल कर सकते हैं. चिंता न करें, इसके लिए अभ्यास की जरूरत है.

**इन फिल्मों में दिखे थे मनोज वाजपेयी**

मनोज को आखिरी बार डिज्नी+ हॉटस्टार की फिल्म गुलमोहर में शर्मिला टैगोर, सिमरन और सूरज शर्मा के साथ देखा गया था. उनके पास डिस्पैच, सूप और जोरम जैसी फिल्में भी हैं जो रिलीज होने वाली हैं. अभिनेता से प्राइम वीडियो के द फैमिली मैन के तीसरे सीजन पर काम शुरू करने की भी उम्मीद है.



# वेश्यावृत्ति के आरोप में कास्टिंग डायरेक्टर आरती मित्तल गिरफ्तार

**पुलिस के मुताबिक, आरती मित्तल ने मॉडल्स को** तब निशाना बनाया जब वह उनसे विभिन्न प्रोजेक्ट्स के दौरान मिलीं. उसने उन्हें वेश्यावृत्ति में शामिल होने के लिए अच्छे पैसे देने का ऑफर दिया. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस इंस्पेक्टर मनोज सुतार को सूचना मिली थी कि वो देह व्यापार का धंधा चला रही है. उन्होंने एक टीम बनाई और ग्राहक बनकर गोरेगांव होटल पहुंचे. उन्होंने आरती को बुलाकर अपने दोस्तों के लिए दो लड़कियां लाने के लिए कहा. आरती ने इसके लिए उनसे 60 हजार रुपये की मांग की. पुलिस ने ये सब कैमरे में रिकॉर्ड कर लिए.



# इतने करोड़ की मालकिन है सुमोना

टीवी एक्ट्रेस सुमोना चक्रवर्ती द कपिल शर्मा शो से लोकप्रियता बटोर रही है. इस शो ने उन्हें नाम और शोहरत दोनों दी है. सुमोना शो में कपिल शर्मा की ऑनस्क्रीन वाइफ का किरदार निभाती है. दर्शकों को दोनों के बीच नोक-झोंक काफी पसन्द आती है. एक्ट्रेस के बारे में फैंस ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते है. ऐसे में आपको आज बताते है उनके नेट वर्थ के बारे में.

**सुमोना चक्रवर्ती का बोल्ड अंदाज देखा आपने?**


सुमोना चक्रवर्ती सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है. अक्सर वो अपनी ग्लैमरस तसवीरों से लोगों का दिल धड़का देती है. इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस को 1.3 मिलियन लोग फॉलो करते है. उन्होंने अबतक 1,029 पोस्ट किए है और वो अबतक करीब 118 पोस्ट कर चुकी है. एक्ट्रेस कपिल सेट से भी कई तसवीरें शेयर करती रहती है.

**सुमोना चक्रवर्ती की नेट वर्थ**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सुमोना चक्रवर्ती के पास करोड़ों की संपत्ति है. एक्ट्रेस के पास कुल संपत्ति 30 करोड़ रुपये है. इसके अलावा उनके गैराज में कई महंगी कारें है.

**चाईल्ड आर्टिस्ट रह चुकी है सुमोना**

सुमोना चक्रवर्ती ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत एक चाईल्ड आर्टिस्ट के तौर पर आमिर खान और मनीषा कोईराला अभिनीत फिल्म मन से की थी. इसके बाद कुछ सालों तक कई टेलीविजन शोज़ में नजर आई. हालांकि उन्हें बड़ी सफलता साल 2011 में बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा निर्मित टेलीविजन शो बड़े अच्छे लगते हैं में निभाए गए किरदार नताशा से मिली. इन दिनों वो कपिल शर्मा शो में नजर आ रही है और लोकप्रियता हासिल कर रही है.



# केबीसी- 15 के हॉट सीट पर किस्मत आजमाने के लिए हो जाएं तैयार

अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15 के साथ फिर से टीवी पर वापसी कर रहे है. जी हां, आपने सही पढ़ा. केबीसी 15 शुरू होने वाला है. शो का पहला प्रोमो मेकर्स ने जारी कर दिया है, जिसे देखकर फैंस काफी उत्साहित हो गए है. रजिस्ट्रेशन्स 29 अप्रैल से शुरू होंगे. वीडियो पर यूजर्स रिएक्शन दे रहे है.कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15 का प्रोमो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. प्रोमो में एक महिला हॉटसीट पर पहुंचने के लिए काफी मेहनत करती दिखती है. वो महिला सुरंग खोदकर हॉटसीट तक पहुंचती है और अमिताभ बच्चन से गेम ऑन करने कहती है. इसपर बिग बी उस महिला से कहते है कि हॉटसीट तक पहुंचने के लिए ऊल जुलूल हथकंडे मत अपनाइए. वह कहते हैं बस फोन उठाएं और 29 अप्रैल रात 9 बजे से पूछे गए सवालों के जवाब भेजिए! 29 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा. केबीसी के वीडियो पर यूजर्स रिएक्ट कर रहे है. एक मीडिया यूजर ने लिखा, वॉव, केबीसी वापस आ गया. एक यूजर ने लिखा, केबीसी के एक और सीजन की मेजबानी के लिए एबी सर का इंतजार नहीं कर सकता! एक अन्य यूजर ने लिखा, इस खबर ने मेरा दिन बना दिया, केबीसी को वापस लाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं 29 तारीख से रजिस्ट्रेशन कराऊंगा.

**2000 में लॉन्च हुआ था केबीसी**

बता दें कि कौन बनेगा करोड़पति 14 पिछले साल 7 अगस्त, 2022 को टीवी पर शुरू हुआ था. कौन बनेगा करोड़पति को 2000 में लॉन्च किया गया था. अमिताभ बच्चन 2000 से ही केबीसी को होस्ट कर रहे है. हालांकि सिर्फ एक सीजन को शाहरुख खान ने होस्ट किया था, बाकी सारे सीजन बिग बी ने होस्ट किए. फिल्मों की बात करें तो वो प्रोजेक्ट के को लेकर चर्चा में है.



# प्रियंका करना चाहती है स्मगलिंग

ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर काफी बीजी रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग सिरीज की प्रोमोशन के लिए मुंबई आई थी और साथ में बेटी मालती और पती निक जॉनस भी थे। अपने कामों में बीजी प्रियंका अपने फैंस के लिए भी टाइम निकाल ही लेती हैं और सोशल मीडिया पर काफी आक्टिव रहती हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने एक फोटो पोस्ट की जिसमें वो किसी चीज की तस्करी करते नजर आई। एक्ट्रेस ने यूजर्स से यह भी पूछा कि क्या इसे ले जाना कानूनी है या नहीं.. प्रियंका की ये फोटो इंस्टाग्राम पर जमकर वायरल हो रही हैं। दरअसल, सिटाडेल के प्रमोशन के दौरान प्रियंका चोपड़ा गर्मी के सीजन का सबसे फेवरेट फल आम खाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने आम की फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि वो इसकी तस्करी कर रही हैं 'क्या ये लीगल है या नहीं...?



# फिल्म छत्रपति में फीमेल लीड होंगी नुसरत

किसी भी अभिनेता के लिए, एक ऐसी फिल्म से जुड़ना जो बड़े पैमाने पर बनाई गई हो , वह किसी सपने के साकार होने के सामान है खासकर जब वह एक हाई ऑक्टेन एक्शन ड्रामा हो। फिल्म छत्रपति के टीज़र रिलीज़ के बाद से ही लोगों के बीच इस फिल्म की उत्सुकता देखने लायक है और अब मेकर्स ने फिल्म की मैं लीड का अनाउंसमेंट कर लोगो के एक्ससाइटमेंट को और बढ़ा दिया है। आप को बता दें की इस फिल्म फीमेल लीड के रूप में नुसरत भरुचा नज़र आएँगी। फिल्म छत्रपति से श्रीनिवास के बॉलीवुड डेब्यू का प्रतीक है। हम सभी फिल्म के हिंदी संस्करण में नुसरत और श्रीनिवास की केमेस्ट्री देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं । छत्रपति में भूमिका के बारे में बात करते हुए, नुसरत कहती हैं ... मैं बेहद उत्साहित हूं, लेकिन थोड़ी से नर्वस भी क्यूंकि यह मेरी पहली पैन इंडिया एक्शन ड्रामा फिल्म है, और मेरे लिए छत्रपति से बेहतर फिल्म नहीं हो सकती है। फिल्म से जुड़े कलाकार , टेक्निशियंस और मेरे को स्टार श्रीनिवास के साथ काम कर के बेहद उत्साहित हूँ। श्रीनिवास कहते हैं कि , नुसरत के साथ काम करने का अनुभव बहुत ही शानदार रहा। मैं उनका शुक्रगुज़ार हूँ कि उन्होंने मुझे मेरी पहली बॉलीवुड फिल्म के लिए बहुत ही कंफर्टेबल फील करवाया। छत्रपति हमारे लिए बहुत खास हैं, और हम उम्मीद करते हैं कि दर्शक 12 मई को रिलीज़ होनेवाली इस फिल्म को पसंद करेंगे। वी. वी. विनायक द्वारा निर्देशित और वी. विजयेंद्र प्रसाद द्वारा लिखित डॉ. जयंतीलाल गड़ा ( पेन स्टूडियोज ) प्रस्तुत करते है छत्रपति। यह फिल्म एस.एस. राजामौली की फिल्म का आधिकारिक रीमेक है जिसमे प्रभास लीड रोले में नज़र आये थे। फिल्म में जबरदस्त हाई ऑक्टेन एक्शन सीन देखने को मिलेगा।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चंदखुरी में माता कौशल्या महोत्सव का आज करेंगे आगाज

**छ.ग. फ्रटंलाइन रायपुर।** महोत्सव के दूसरे दिन की संध्या क्लासिकल गायक मैथिली ठाकुर के गीतों से होगी गुलजारमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज अक्षय तृतीया (अक्ती) के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या की नगरी चंदखुरी में 'माता कौशल्या महोत्सव' का शुभारंभ करेंगे। कौशल्या महोत्सव कार्यक्रम के लिए भव्य और आकर्षक मंच बनकर तैयार है। आस्था और भक्ति से ओतप्रोत इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ सहित देश के ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।




महोत्सव की गरिमा को बढ़ाने के लिए देश की मशहूर युवा क्लासिकल सिंगर मैथिली ठाकुर और देश के प्रख्यात गायक पद्म श्री कैलाश खेर भी प्रभू श्री राम के ननिहाल चंदखुरी में अपनी प्रस्तुति देंगे। क्लासिकल गानों के लिए मशहूर मैथिली ठाकुर माता कौशल्या महोत्सव के दूसरे दिन अपनी प्रस्तुति देंगी वहीं कैलाश खेर महोत्सव के आखिरी दिन 24 अप्रेल को दर्शकों के सामने अपनी प्रस्तुति देंगे। देश के इन दो सुप्रसिद्ध कलाकारों ने चंदखुरी के महत्व को देखते हुए बिना एक पल गंवाए ही यहां आने के लिए अपनी सहमति दे दी है। माता कौशल्या महोत्सव के पहले दिन मुंबई की मशहूर भजन गायक कविता पौडवाल एवं श्रीराम की शक्ति पूजा प्रस्तुत करने वाले वाराणसी के व्योमेश शुक्ला की प्रस्तुति होगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा माता कौशल्या की जन्मभूमि चंदखुरी के वैभव को विश्व पटल पर स्थापित करने प्रदेश की कला, संस्कृति एवं पर्यटन को बढ़ावा देने, महिला सशक्तिकरण, कार्यशील कलाकारों के संरक्षण, संवर्धन एवं कला दलों के सतत् विकास हेतु इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर माता कौशल्या महोत्सव मनाने की घोषणा की थी। छत्तीसगढ़ में स्थित माता कौशल्या मंदिर पूरे देश में एक मात्र प्राचीन मंदिर है।

### पर्यटन कैफे का होगा उद्घाटन

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल माता कौशल्या महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा तैयार पर्यटन कैफे का भी उद्घाटन करेंगे। पयर्टन कैफे में छत्तीसगढ़ी व्यंजन सहित मिलेट्स कैफे का उत्पाद उपलब्ध होगा।

### स्व-सहायता समूह की स्टॉलों में होगी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक

महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार मेला, उत्सवों एवं अन्य प्रदर्शनी आदि कार्यक्रमों के अवसर पर स्व-सहायता समूह द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विक्रय एवं प्रचार-प्रसार हेतु को बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। माता कौशल्या महोत्सव के मौके पर भी महिला स्व-सहायता द्वारा उत्पादित वस्तुओं को विक्रय के लिए नौ स्टॉल तैयार किए गए हैं, जहां छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

# जिला प्रशासन द्वारा रोका गया बाल विवाह

**जांजगीर-चांपा।** महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से आज एक नाबालिग कन्या का विवाह से रोका गया। बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनीता अग्रवाल एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सूर्यकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग से समन्वय करते हुए ग्राम परसाहीबाना में बालिका के घर जाकर बालिका के उम्र सत्यापन हेतु अंकसूची जांच की गई। जिसमें बालिका की जन्म उम्र 16 वर्ष 02 माह होना पाया गया। जिसका विवाह 22 अप्रैल 2023 अक्षय तृतीया को निर्धारित था। बालिका के माता-पिता एवं उसके परिवार को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया एवं समझाईस के पश्चात सरपंच एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालिका का विवाह रोका गया है। दल में श्री जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई गजेंद्र सिह जायसवाल, परियोजना अधिकारी परियोजना अकलतरा श्री रवि शर्मा, पर्यवेक्षक मधुलिका साहु, श्रीमती प्रमिला बर्मन, आगनबाड़ी कार्यकर्ता भगवती रत्नाकर शामिल थे। पुलिस विभाग से थाना प्रभारी थाना अकलतरा का विशेष सहयोग रहा।

ज्ञात हो कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित उम्र से कम होने की स्थिति में बाल विवाह करने पर पुलिस विभाग द्वारा अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवाह करने वाले माता-पिता, विवाह में सम्मिलित होने वाले रिश्तेदार, विवाह कराने वाले पंडित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। अधिनियम के तहत 02 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 01 लाख के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जाने का प्रावधान है।

# कस्तुरबा गांधी आवासीय स्कूल हरदी में किया गया कोविड-19 परीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा और स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा कस्तुरबा गांधी आवासीय स्कूल ग्राम हरदी में कोविड-19 परीक्षण किया गया। जिसमें 33 बच्चे एवं 10 स्टॉफ का कोविड-19 टेस्ट किया गया। परीक्षण में सभी नेगेटीव पाये गये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी को कोविड-19 से बचने के उपाय एवं साफ सफाई बरतने की सलाह के साथ दवाइयों का वितरण किया गया है। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा 03 दिवस पश्चात् पुन: कोविड-19 टेस्ट किये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा की टीम को निर्देश दिया गया। परीक्षण में चिकित्सा अधिकारी स्वपनील दुबे, एमएलटी श्रीमती अनीता ज्योति, फार्मासिस्ट श्रीमती सुनिता साहू, एएनएम श्रीमती गिरजा बंजारे, आरएचओ श्रीमती सरोज साहू एवं श्री विष्णु शर्मा उपस्थित थे।

# सहकारी समितियों से वर्मी कम्पोस्ट का वितरण जारी, किसानों से उर्वरक के अग्रिम उठाव करने की अपील

**बलौदाबाजार।** जिले के सहकारी समितियों में 1 अप्रैल से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण एवं कृषि आदान जैसे बीज,उर्वरकों का वितरण आरंभ हो चुका हैं उप संचालक कृषि जोसेफ टोप्पो ने बताया कि जिले में यूरिया 7197, सुपर फास्फेट 1830, डी.ए.पी. 8156, पोटाश 672, एन.पी.के. 1790, मीट्रिक टन तथा पर्याप्त मात्रा में वर्मी कम्पोस्ट का भण्डारण किया गया है। सहकारी समितियों में किसानों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित कीमत पर यूरिया का 266.66 रूपये, डी.ए.पी. 1350 रूपये, एन.पी. के. 1470 एवं पोटाश 1700 रूपये प्रति बैग की दर से वितरण किया जा रहा है। विगत वर्षो में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कारकों के कारण उर्वरक आपूर्ति बाधित हुई थी। इसको ध्यान में रखते हुए किसानों को अग्रिम उठाव करने के अपील की गई है। खरीफ मौसम के निकट आते ही खाद की मांग बढ़ जाने के कारण उर्वरक की आपूर्ति प्रभावित होती है।

### खरीदी की रसीद जरूर लें ताकि रूके कालाबाजारी

किसानों से आग्रह किया गया है कि वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति हो रही है एवं आसानी से खाद उपलब्ध है। समस्याओं से बचने के लिए अग्रिम उठाव अवश्य करें। शून्य प्रतिशत ब्याज दर होने के कारण अग्रिम उठाव करने पर भी कोई अतिरिक्त राशि देना नहीं पड़ेगा। सहकारी समितियों के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट खाद का वितरण कृषकों को किया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट में 0.51 से 1.61 प्रतिशत नाईट्रोजन, 0.19 से 1.02 प्रतिशत फास्फोरस, 0.15 से 0.73 प्रतिशत पोटाश तथा 9.8 से 13.4 प्रतिशत ऑर्गेनिक कार्बन पाया जाता है। इसके उपयोग से मृदा स्वास्थ्य में सुधार, मृदा की जलधारण क्षमता में वृद्धि मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के साथ-साथ फसलों को अन्य पोषक तत्व उपलब्ध करात है, जिससे फसलों की पैदावार बढ़ती है। सभी किसान अग्रिम उठाव अवश्य करें। शत-प्रतिशत पॉस के माध्यम से उर्वरक क्रय करें और रसीद अवश्य लें.जिससे उर्वरको की कालाबाजारी को रोका जा सकें।

# मुख्यमंत्री शामिल हुए साहू समाज के सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में

## 57 लाख के कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया

**छ.ग. फ्र टंलाइन रायपुर।** दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले 16 जोड़ों को दिया आशीर्वाद57 लाख के कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया पाटन में सामाजिक भवन के लिए 50 लाख रूपए और गातापार में तालाब के सौंदर्यीकरण की घोषणा

मुख्यमंत्री आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम गातापार में आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह, भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव और भामाशाह जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले 16 नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने पाटन में साहू समाज के सामाजिक भवन के लिए 50 लाख रूपए और गातापार तलाब सौंदर्यीकरण की घोषणा भी की। साहू समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 1007 दीप का प्रज्वलन कर माँ कर्मा देवी की महाआरती के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।



कार्यक्रम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि साहू समाज प्रगतिशील समाज है। सामाजिक जागरूकता और संगठन शक्ति की बदौलत यह समाज तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले 20 वर्षों से साह समाज द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है, यह उनकी प्रगतिशीलता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राजीम माघी पुन्नी मेला के लिए राजीम में 55 एकड़ जमीन आबंटित की गई है, जहां पहुंच मार्ग बनाने से लेकर साधु व संत जनों के लिए धर्मशाला का निर्माण, डोम का निर्माण व अन्य निर्माण कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने समाज के पदाधिकारियों को प्रत्येक निर्णय सामाजिक हित में लेने की बात कही। कार्यक्रम में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री अशोक साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि व साहू समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 57 लाख के कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन भी किया। लोकार्पित कार्यों में गातापार में 25 लाख रूपए की लागत से पानी टंकी, 6.50 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन, 3.50 लाख रूपए की लागत से सार्वजनिक शौचालय, 3 लाख रूपए की लागत से रंगमंच, 2 लाख रूपए की लागत से कर्मा भवन का जीर्णोद्धार, उमरपोटी में 2 लाख रूपए की लागत से रंगमंच, 10 लाख रूपए की लागत से शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं गोडाउन और 5 लाख रूपए की लागत से शीतला मंदिर प्रांगण में जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन शामिल है।

# मुख्यमंत्री ने किया कृषक सभागार भवन, नव निर्मित क्लस्टर क्लासरूम भवन, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि कैम्प कार्यालय का उद्घाटन

**छ.ग. फ्र टंलाइन रायपुर।** मुख्यमंत्री ने किया कृषक सभागार भवन, नव निर्मित क्लस्टर क्लासरूम भवन, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि कैम्प कार्यालय का उद्घाटन मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है 70 से 80 प्रतिशत लोग कृषि पर आधारित हैं इन चार सालों में कृषि उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि हुई है




छत्तीसगढ़ में बड़ी मात्रा में खासकर आदिवासी अंचलों में कोदो, कुटकी, रागी का उत्पादन करते हैं । छत्तीसगढ़ सरकार ने कोदो और कुटकी का समर्थन मूल्यनिर्धारित किया और उसकी खरीदी की व्यवस्था भी की है बस्तर कॉफी अब काफी लोकप्रिय हो रहा है हम उसकी मांग की पूर्ति भी नहीं कर पा रहे हैं

बस्तर क्षेत्र में पहले किसान मिर्ची की तोड़ाई के लिए आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जाया करते थे । अब किसान खुद ही बस्तर में मिर्ची की खेती कर रहे हैं प्रदेश में उद्यानिकी एवं वानिकी के विकास के लिए भरपूर संभावनाएं हैं छत्तीसगढ़ उद्यानिकी और वानिकी के क्षेत्र में एक बड़ा हब बनेगा देश-विदेश से लोग यहां अध्ययन के लिए आएंगे

# मुख्यमंत्री ने अक्ति तिहार पर माटी पूजन कर, बीज रोपण किया ट्रैक्टर चलाकर खेत की जुताई की

**छ.ग. फ्रटंलाइन रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस शुभ अवसर पर गांव की माटी, देवी-देवताओं और ठाकुर देव की पूजा की और बीज बुवाई संस्कार के तहत लौकी, सेम, तोरई के बीज बोये। मुख्यमंत्री ने अच्छी फसल के लिए धरती माता से कामना करते हुए कोठी से धान के बीज लाकर पूजा की और गौ-माता को चारा भी खिलाया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने धरती माता से राज्यवासियों के धन-धान्य से भरे रहने की कामना की। अक्ति तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ट्रैक्टर चलाकर खेत की जुताई की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कृषि विश्वविद्यालय परिसर में कृषक सभागार भवन, नवनिर्मित क्लस्टर क्लासरूम भवन, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कैम्प कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जैसे हम अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हैं वैसे ही धरती माता की भी चिंता करनी चाहिए। हमें कृषि में रासायनिक खाद का उपयोग कम कर जैविक खेती की तरफ बढ़ना चाहिए। हम जो भी सुविधा ले रहे हैं सभी प्रकृति से मिल रही हैं। अक्ति और माटी पूजन त्यौहार धरती के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने का त्यौहार है। हमें यह सोचना चाहिए कि प्रकृति से हम जितना ले रहें हैं उसके बदले में धरती को क्या वापस कर रहे हैं। अक्ति त्यौहार के अवसर पर खेती-किसानी का कार्य शुरू करने के लिए धरती माता से प्रार्थना कर हम उनसे अनुमति लेते हैं तब कुदाल चलाते हैं। धरती माता को जो क्षति होती है उसके लिए हम क्षमा मांगते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कृषि अभियांत्रिकी



के पृथक संचालनालय बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अक्ति तिहार और भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने ही अक्षयपात्र का निर्माण किया था। ऐसा माना जाता है कि भगवान परशुराम ने कृषि के क्षेत्र में भी कई शोध किए। उनका फरसा युद्ध के साथ खेती-किसानी में भी उपयोगी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान प्रदेश है यहां कि 70 से 80 प्रतिशत लोग आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित होने के कारण राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए कई नई योजनाएं संचालित कर उन्हें समृद्ध करने का कार्य किया है। इससे इन चार सालों में कृषि उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में किसान 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान बेच सकेंगे, इससे किसानों को बहुत लाभ होगा। सरकार की किसान हितैषी नीतियों के कारण राज्य में धान का उत्पादन 107 लाख मीट्रिक टन हो चुका है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कोदो और कुटकी का समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है और उसकी खरीदी की व्यवस्था भी की है। छत्तीसगढ़ में बड़ी मात्रा में खासकर आदिवासी अंचलों में कोदो, कुटकी, रागी का उत्पादन करते हैं। छत्तीसगढ़ उद्यानिकी और वानिकी के क्षेत्र में एक बड़ा हब बनेगा देश-विदेश से लोग यहां अध्ययन के लिए आएंगे। मुख्यमंत्री ने धरती माता की रक्षा करने और जैविक खाद्य का उपयोग करने, आने वाले पीढ़ी के लिए साफ पानी, शुद्ध हवा बचाने की शपथ दिलाई।

### इंदिरा बीज ब्रांड को लॉन्च किया

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित इंदिरा बीज ब्रांड को लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित इंदिरा बीज ब्रांड कृषकों के लिए लाभकारी होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कृषि शोध पर आधारित कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जब गोबर खरीदी की शुरुआत की तो लोगों ने मजाक उड़ाया लेकिन आज साढ़े 3 लाख लोग गोबर बेच रहे हैं और 230 करोड़ रुपए उनके खाते में पहुंच चुका है। मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कारगर कदम उठाए हैं। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में मिलेट्स कैफे संचालित हो रहा है और जल्द ही इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और एम्स के बीच हुए समझौते के अनुसार एम्स में भी मिलेट्स कैफे खुलेगा इससे वहां मरीजों को मिलेट्स से बने पोषक आहार दिए जा सकेंगे। इस अवसर पर बीज निगम के अध्यक्ष श्री अग्नि चंद्राकर, शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष श्री रामकुमार पटेल, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा, नाफेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री उन्नीकृष्णन कुरूप, उद्यानिकी विभाग के संचालक श्री माथेश्वरण डी. उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला

क्र: 202304020700150 / 202304020700150
विषय:–ब–121 मामले की श्रेणी:–राजस्व
सन्:– 2022–23
मणीपुर प.ह.नं. 00022 {(हे0)}
पक्षकारों का विवरण–
आवेदक पक्षकार –मीरा शुक्ला,
अनावेदक पक्षकार – छ0ग0 शासन,

ईश्तहार

आवेदिका मीरा शुक्ला पत्नि सुशील शुक्ला, निवासी बाबूपारा, अंबिकापुर, तहसील अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम मणीपुर, तहसील अंबिकापुर स्थित खसरा नंबर 356 / 17 रकबा 0.034 हे0 भूमि को बैंक के पास बंधक रख कर बैंक से सी0सी0 लिमिट, बैंक गारन्टी बैंक ऋण प्राप्त करने हेतु अनापत्ति प्रमाण प्रदाय किये जाने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 08.05.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.04.2023 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
सरगुजा(अंबिकापुर)

कोरिया फ्रंटलाइन

# धूमधाम से मनाई गई ईद, ईदगाह और मस्जिदों में अदा की गई नमाज

**नमाजियों ने मांगी अमन चैन की दुआ**



छ.ग. फ्रंटलाइन
**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** एमसीबी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ सहित समूचे अंचल में ईद का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी गई। त्योहार को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था भी चुस्त-दुरुस्त थी। ईदगाह में ईद की नमाज अदा की गई। एक महीने की इबादत के बाद ईद पर सुबह से ही ईदगाह में रौनक दिखी। ईदगाह में आसपास के क्षेत्र के हजारों की संख्या में नमाजियों के द्वारा अमन चैन की दुआएं मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर हाथ मिलाकर ईद की बधाई देते दिखे। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा था। ईदगाह परिसर के बाहर मेला का नजारा दिख रहा था। जहां बच्चे आइसक्रीम, गुब्बारा आदि खरीदारी करने में मशगूल दिखे। ईद पर्व को मनाते हुए मुस्लिम धर्मावलंबियों ने जहां परंपरागत तरीके से ईदगाह में नमाज अदा की, वहीं एक-दूसरे से गले मिल बधाई दी व भाईचारे का माहौल बनाया। ईद पर्व को लेकर तमाम मुस्लिम धर्मावलंबियों के बीच विशेष उत्साह का माहौल देखा गया। सुबह होते ही ईद की नमाज की तैयारियां शुरू हो गईं और लोग नमाज पढ़ने ईदगाह पहुंचने लगे। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह पर इकट्ठा होकर हजारों की तादाद में ईद की नमाज अदा की और एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। ईद पर्व को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर रहा। नये नये वस्त्र पहनकर वे एक दूसरे से गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते दिखे। ईदगाहों में सैंकड़ों की संख्या में नमाजी जुटे और एक साथ नमाज अदा किया। ईदगाह स्थल पर जुटी भीड़ के कारण मेला सा नजारा था। ईदगाह में अन्य समाज के लोग व जनप्रतिनिधि पहुंचकर मुस्लिम समाज के भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन की कड़ी नजर रही और पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सचिन सिंह अपने दल बल के साथ ईदगाह में उपस्थित रहे।

# दो अलग-अलग घटना में आकाशीय बिजली से 3 की मौत

**छ.ग. फ्रंटलाइन, मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** एमसीबी जिले में शनिवार को दो अलग-अलग घटना में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो चचेरे भाइयों सहित 3 लोगों की मौत हो गई वही दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जनकपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक आशीष टोप्पो आत्मज तेज नारायण 18 वर्ष एवं सियोंन टोप्पो आत्मज स्व0 जयपाल 20 वर्ष ग्राम सोनवर्षा कछारपारा नागपुर चौकी जिला एमसीबी निवासी दोनों चचेरे भाई थे शनिवार को अचानक आंधी तूफान आने से दोनों चचेरे भाई एक महुआ पेड़ के नीचे बैठे हुए थे तभी अचानक उन पर आकाशीय बिजली का कहर टूट पड़ा और अकाशीय बिजली की चपेट में आने से दोनों की मौके पर मौत हो गई। दो चचेरे भाइयों की मौत से घर परिवार व गांव में मातम का माहौल निर्मित हो गया है। वहीं दूसरी घटना में एमसीबी जिले के जनकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ में घर बना रहे ग्रामीणों पर आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही एक अधेड़ की मौत हो गई और मृतक के पुत्र व भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों घायलों को जनकपुर अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है।

## जिले में कोरोना के 11 नए मरीज मिले सक्रिय मरीज 70 के पार

छ.ग. फ्रंटलाइन
**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** जिले में कोरोना के संक्रमण में बढ़ोत्तरी दर्ज किया जा रहा है। कोरोना के मरीज ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों में मिलने लगे हैं। शुक्रवार को जिले में कोरोना के 11 नए मरीज मिले हैं जिनमें नगरीय निकाय चिरमिरी में 7, मनेन्द्रगढ़ में 1 तथा खड़गवां विकासखंड में 3 कोविड मरीजों की पुष्टि हुई है। जिले में सक्रिय मरीजों की कुल संख्या 70 हो गयी है। ज्ञातव्य है कि अप्रैल के प्रारंभ में नये मरीज मिलने शुरू हो गये थे। प्राथमिक उपचार लेने के बाद सभी मरीज होम आईसोलेशन में हैं और सभी सामान्य हैं। जिले में कोरोना संकमण की दर बढ़ रही है और लोगों को और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। भीड़-भाड़ वाले जगहो में मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करने, कोविड के लक्षण जैसे सर्दी-खांसी, बुखार इत्यादि होने पर तत्काल जांच कराने एवं कोविड अनुरूप व्यवहार को अपनाने की आवश्यकता है। जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में कोविड का रैपिड एंटीजन और आरटीपीसीआर जांच नि:शुल्क किया जा रहा है।

# रीपा के माध्यम से महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर, पिपरिया में मल्टीपर्पज फ्लोर मिल, तेल मशीन, दाल मिल और पोल फेंसिंग यूनिट से महिलाओं की बढ़ी आमदनी



छ.ग. फ्रंटलाइन
**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** कलेक्टर पीएस ध्रुव के निर्देशन तथा ज़िला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में ज़िले में रीपा के अन्तर्गत आजीविका संवर्धन के कार्य संचालित किए जा रहे हैं। गोठान के माध्यम से स्व सहायता समूह की दीदियों को रोज़गार का अवसर मिल रहा है और उनके आय में वृद्धि हो रही है। मनेंद्रगढ़ जनपद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया के रीपा में भी विभिन्न प्रकार के रोज़गार मूलक कार्य समूहों के द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिसमें मल्टीपर्पज फ़्लोर मिल में धान कुटाई, गेहूं पिसाई और मसाला पिसाई का कार्य किया जाता है। तेल पेराई मिल में सरसों, तिल, अलसी आदि का तेल निकाला जाता है। रीपा में यूनिट लग जाने से आसपास के ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। इसी तरह से रीपा में दाल मिल और पोल फेंसिंग मेकिंग यूनिट भी लगाया गया है। इन चारों गतिविधियों में कार्य करके रोशनी महिला स्व-सहायता समूह और लक्ष्मी महिला स्व-सहायता के द्वारा आय अर्जित किया जा रहा है। रीपा में महिलाएँ विभिन्न प्रकार की बैठक के साथ सामूहिक परिचर्चा भी करती हैं। उल्लेखनीय है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा का राज्यस्तरीय उद्घाटन 25 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। ग्रामीणों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एमसीबी ज़िले में कुल 6 ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) की इकाई स्थापित किया गया है। रीपा के सुचारू संचालन के लिये नोडल अधिकारियों की नियुक्ति किया गया है।

# आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं सांस्कृतिक विधाओं का होगा अभिलेखीकरण

**बस्तर विकास प्राधिकरण के समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक-निर्देश**



छ.ग. फ्रंटलाइन
**बीजापुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने बस्तर विकास प्राधिकरण का समीक्षा बैठक लेते हुऐ प्राधिकरण के तहत विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यो की प्रगति, नवीन मांगो की स्वीकृति पर व्यापक समीक्षा किया। आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं सांस्कृतिक विधाओं के अभिलेखीकरण के निर्देश दिए। वहीं विकासखण्ड भोपालपटनम एवं उसूर में आदिवासियों के विरासत एवं संस्कृति के संरक्षण सर्वधन एवं परीक्षण हेतु शहीद वीर नारायण सिंह, नागूल दोरला की प्रतिमा स्थापना के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। पुसनार में साक्षरता और संस्कृति का मिलाजुला केन्द्र सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में स्वीकृत देवगुड़ी मातागुड़ी का सामुदायिक वन अधिकार पत्र जारी करने, बैगा-गुनिया को शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता के लिए शतप्रतिशत पंजीयन कर उन्हे लाभान्वित करने, जिले के सभी हाट बाजार क्लीनिकों का समुचित संचालन कर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएफओ अशोक पटेल, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, आदिवासी विकास केएस मसराम सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# महाकौशल कला वीथिका में भगवान परशुराम पर आधारित कला का प्रदर्शन



छ.ग. फ्रंटलाइन
**रायपुर।** परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महाकौशल कला परिषद एवं गुढ़ियारी गौड़ ब्राह्मण समाज ने शनिवार को राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी (परशुराम) महाकौशल कला वीथिका में किया। इसका उद्घाटन अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने किया। महाकौशल कला वीथिका की इस कला प्रदर्शनी में देश के जाने-माने वरिष्ठ कलाकार, युवा कलाकार, बाल कलाकार अपनी रचनाओं के साथ समाहित किए गए हैं। निर्णायक समिति ने 50 रचनाएं जो परशुराम को परिभाषित करती इस कला प्रदर्शनी हेतु चयनित की है, उसमें प्रोफेसर कल्याण प्रसाद शर्मा, सुश्री मिर्जा ईस्माइल बेग (जबलपुर), अवतार सिंह भंगल, निकहत फातिमा, मनीष महानंद (मुंबई), धनंजय पंवार (लखनऊ), परियुल जैन ( जबलपुर),आदित्य कुमार (भोपाल), अजय तिवारी ( अहमदाबाद), डॉ प्रवीण शर्मा, तरुण वंशपाल, अरविंद यदू, डॉ शिखर शर्मा, दिशा ठाकुर, शांभवी शर्मा, समृद्धि, समिक्षा दुबे, समवेद शर्मा, पिनाका नाग, आराध्या गुप्ता, सुधा शर्मा, असीम प्रताप हिरवानी, राधिका दुबे, धनंजय पवार,पार्थ राय सागर, सार्थ राय सागर, अमृता भट्टाचार्य, ए व्ही आदित्य, नियति आदि कलाकारों ने भाग लिया है इस प्रदर्शनी में रचनाएं जलरंग, तैल रंग, पेस्टल, चारकोल, स्याही, एक्रिलिक रंग, काष्ठ, प्लास्टर आफ पेरिस, सीमेंट, मिश्रित माध्यम, से निर्मित की गई हैं। विषय वस्तु भगवान शिव की आराधना करते परशुराम,विषय पर आधारित इस कला प्रदर्शनी में परशुराम के रोद्र रूप का चित्रण और उनके पृथ्वी को क्षत्रिय विहीन करने का सजीव चित्रण किया गया है। परशुराम पर कलाकारों ने बहुतेरी रचनाओं का निर्माण किया है। भगवान परशुराम की अद्भुत छवि काष्ठ माध्यम में प्रदर्शित की गई है। कलाकार ने अपनी रचनाओं में उकेरा है कई कलाकारों ने परशुराम के भगवान गणेश जी से हुए भीषण युद्ध को,मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र के विवाह में भगवान शंकर के धनुष को तोड़ने पर राम-परशुराम संवाद पर रचना का निर्माण किया है। कई कलाकारों ने अनुभव जनित परशुराम पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी को रविवार 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक महाकौशल कला वीथिका में दर्शकों के अवलोकनार्थ निशुल्क खुली रहेगी। देश के 50 कलाकारों की चयनित रचनाएं जो शहर में पहली बार परशुराम विषय पर आधारित है। महाकौशल कला वीथिका में देखी जा सकती है, जिसमें आध्यात्मिक रूप से परशुराम का विहंगम दृश्य और भगवान शिव की आराधना, मां का सौम्य रूप,परशुराम के रौद्र रूप में विनाश की लीलाओं का सजीव चित्रण कलाकारों ने किया है।

# भगवान परशुराम जयंती पर विप्र जनों ने निकाली भव्य शोभायात्रा, हुआ विविध कार्यक्रम का आयोजन

छ.ग. फ्रंटलाइन
**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। भगवान परशुराम जयंती पर शनिवार को एमसीबी जिले के सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा एमसीबी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में विप्र जन उपस्थित रहे। भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा श्री राम मंदिर प्रांगण से निकाली गई जो पूरे शहर का भ्रमण करते हुए मौहारपारा स्थित बीएड कॉलेज प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुई। भगवान परशुराम जयंती पर बीएड कॉलेज प्रांगण में सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा विधि विधान से भगवान परशुराम की पूजा आराधना की गई । परशुरामजी की जयंती वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाती है। इस पावन दिन को अक्षय तृतीया कहा जाता है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर भगवान विष्णु के अवतार परशुराम का जन्म हुआ था। भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, उनका जन्म त्रेतायुग में हुआ था। माना जाता है कि इस दिन किया गया दान-पुण्य कभी क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। इतना ही नहीं इनकी गिनती तो महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कंडेय सहित उन आठ अमर किरदारों में होती है जिन्हें कालांतर तक अमर माना जाता है। उनके पिता का नाम जमदग्नि और माता का नाम रेणुका था। पौराणिक ग्रंथों में वर्णित है कि भगवान परशुराम अत्यंत क्रोधी स्वभाव के थे। इनके क्रोध से देवी-देवता भी थर-थर कांपते थे। धार्मिक मान्यता के अनुसार, एक बार परशुराम ने क्रोध में आकर भगवान गणेश का दांत तोड़ दिया था। वहीं पिता के कहने पर उन्होंने अपनी मां को भी मार दिया था। इस दिन भगवान विष्णु के परशुराम अवतार की पूजा करने से शौर्य, कांति एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है और शत्रुओं का नाश होता है।

# सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही: कांग्रेस



छ.ग. फ्रंटलाइन
**रायपुर ।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने देश में बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि महंगी गैस, महंगा तेल, थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है, सिर्फ सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है, फिर भी महंगाई से देशवासियों को लूटने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ रही है। पेट्रोल-डीजल 100 के पार, रसोई गैस 1150, खाने का तेल 200 के पार। आम जनता बेबस और लाचार है पर मोदी सरकार केवल अपने चांद पूंजीपति मित्रों के मुनाफे की सोच रही है। मोदी सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी विगत 7 साल में 258 परसेंट बढ़ाया है और डीजल पर 820 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इन तमाम आंकड़ों के बावजूद मोदी सरकार द्वारा महंगाई को झूठलाया जाना यह प्रदर्शित करता है कि महंगाई को काबू करना मोदी सरकार के बस में नहीं है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि एक वित्तीय वर्ष में चार बार रेपो रेट बढ़ाना यह प्रमाणित करता है कि मोदी सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह नाकाम रही है। 100 दिन में महंगाई कम करने का झांसा देकर केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने अब जनता के प्रति जवाबदेही से मुंह मोड़ लिया है। भुखमरी इंडेक्स में भारत लगातार नीचे आ जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार देश के 45 करोड़ युवा गलत आर्थिक नीतियों से हताश होकर नौकरी की तलाश ही बंद कर चुका है। मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते देश की अर्थव्यवस्था तेजी से उल्टे पांव भाग रही है। जीडीपी लगातार लक्ष्य और अनुमान से कम हो रहा है। नई नौकरी तो दूर लोगों की लगी लगाई नौकरी छीनी जा रही है बेरोजगारी ऐतिहासिक रूप से शिखर पर है, लेकिन मोदी सरकार आत्ममुग्धता से बाहर ही नहीं आ पा रही है। अगर देश की सरकार ही जिम्मेदारी नहीं लेगी तो समस्या का समाधान कैसे होगा? प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था लगातार गर्त में जा रही है। देश की जीडीपी 8.2 से गिरकर 5.7 हो गयी है। विदेशी मुद्रा भंडार लगातार कम हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यापार संतुलन बिगड़ने से आयात पर निर्भरता तेजी से बढ़ रही है। देश पर कुल कर्ज का भार 3 गुना बढ़ चुका है। विगत 12 महीनों में डॉलर के मुकाबले रुपए का मूल्य 12 प्रतिशतसे ज्यादा गिर चुका है। मोदी राज में विगत एक माह में ही विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 26 बिलियन डालर कम हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 2014 की तुलना में 20 परसेंट कम होने के बावजूद डीजल और पेट्रोल 30 से 40 रूपए प्रति लीटर महंगे बेचे जा रहे हैं। थोक और खुदरा महंगाई दर आरबीआई द्वारा तय सीमा से लगातार ऊपर है लेकिन मोदी सरकार का फोकस केवल चंद पूंजीपतियों के मुनाफे पर केंद्रित है।

# विधायक की संवेदनशील पहल से बोन कैंसर पीड़ित को मिली नई जिंदगी



छ.ग. फ्रंटलाइन
**बीजापुर।** विधायक विक्रम शाह मंडावी जरूरत मंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और शासन-प्रशासन से समन्वय स्थापित कर जिले के नागरिकों का हर संभव मदद करने का प्रयास लगातार करते आ रहे हैं। जिससे लोग खुलकर अपनी बाते रखकर समस्याओं से अवगत कराते हैं। यह बातें गोल्लागुड़ा के बोन कैंसर पीड़ित युवा राकेश लंबाड़ी ने बताई। राकेश ने अपने परिवार की परिस्थिति और कैंसर के ईलाज के बारे में विस्तार से बताते हुऐ कहा कि वह बीएससी प्रथम वर्ष का था। जब पिछले साल कैंसर होने की बात पता चली राकेश का पिता इस दुनिया में नहीं है। उसकी मॉ रोजी-मजदूरी कर राकेश एवं उनके दो बहनो का पालन-पोषण कर शिक्षा दिला रही है। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर है। ऐसे में सालभर पहले घुटने में दर्द का शिकायत होने पर जगदलपुर में ईलाज के दौरान बोन कैंसर होने की पुष्टि हुई खबर को सुनकर राकेश और उसके पूरे परिवार के ऊपर पहाड़ टूट गया। एक तरफ बच्चों की परवरिश और उसके बाद इतनी बड़ी बीमारी का डर और खर्च का डर पूरे परिवार को हिलाकर रख दिया। तभी डॉ भवर लाल शर्मा ने सुझाव दिया कि समय रहते ईलाज कराना जरूरी है। विधायक एवं जिला प्रशासन द्वारा एक लाख बीस हजार रूपए की सहायता से हुआ सफलतापूर्वक ऑपरेशन बीमारी की गंभीरता को देखते हुऐ राकेश एवं उसके परिवार ने विक्रम मंडावी से मदद की गुहार लगाई, विधायक ने हर संभव मदद का भरोसा दिया और कहा कि ईलाज में पैसे की कमी नहीं आएगी। फिर जिला प्रशासन से 50 हजार एवं विधायक ने 70 हजार की आर्थिक मदद की वहीं विधायक के सुझाव एवं डाक्टरों की सलाह और मदद से इंडियन कैंसर सोसायटी से 5 लाख रूपए की मदद मिली वहीं ग्रामीणों ने भी 50 हजार रूपए की आर्थिक सहयोग किया। इस तरह कैंसर के ईलाज के लिए पैसों का इंतजाम हो सका। नया रायपुर स्थित बाल्को मेडिकल सेंटर में राकेश का सफलतापूर्वक ऑपरेशन हुआ राकेश ने बताया कि पैर में प्रोटोटिश लगा हुआ है और पहले की तरह सामान्य हूं प्रत्येक तीन माह में नया रायपुर स्थित बाल्को अस्पताल में चेकअप के लिए जाता हूं। आर्थिक मदद के साथ-साथ हौसला बढ़ाने और सहयोग करने के लिए मै विक्रम मंडावी एवं कलेक्टर राजेन्द्र कटारा का सदैव आभारी रहूंगा और कैंसर के दौरान मेरा बीएससी द्वितीय वर्ष की पढ़ाई रूक गई थी उसे पुनः शुरू करूंगा। विक्रम शाह मंडावी ने कहा कि हमारी छोटी सी मदद से किसी के चेहरे में मुस्कान आए तो इससे बड़ी संतुष्टि कुछ नहीं है। राकेश एक होनहार लड़का है और उसे पूर्ण रूप से स्वस्थ्य देखकर व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत प्रसन्नता हुई है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा